**रोहतक**
मंगलवार 14 जुलाई 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, अमावस्या वर्ष : 30, अंक : 160
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 40.1°C
न्यून. 24.9°C

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## खबर संक्षेप

### रिटेल महंगाई जून में बढ़कर 4.38% हुई



**नई दिल्ली।** आलू-अदरक समेत खाने-पीने की चीजों के दाम फिर बढ़ने से रिटेल महंगाई लगातार छठे महीने बढ़ी है। जून में यह 4.38% पर पहुंच गई है। जनवरी में यह 2.74% थी। वहीं एक महीने पहले मई में 3.93% थी। यानी, यह लगातार छठा महीना है जब महंगाई बढ़ी है। वहीं, जनवरी 2025 के बाद यह पहला मौका है जब महंगाई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के 4% के मिड टारगेट के पार निकल गई है। *एजेंसी*

### 2020 दिल्ली दंगा : ताहिर हुसैन समेत पांच दोषी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने 2020 में हुए दिल्ली दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में 6 साल बाद फैसला कर दिया है। कोर्ट ने पूर्व आम आदमी पार्टी पार्षद ताहिर हुसैन समेत पांच आरोपियों को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने नाज़िम, काशिम, अनस, जावेद और ताहिर हुसैन को हत्या, अपहरण, दुश्मनी को बढ़ावा देने और दंगा करने का दोषी ठहराया। बाकी 6 आरोपी बरी कर दिए। *एजेंसी*

### टीसीएस: 8,900 एआई इंजीनियरों की भर्ती की



**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीए) ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में बड़ा दांव खेला है। कंपनी 8,900 विशेषज्ञ इंजीनियरों की एक विशेष टीम तैयार कर रही है, जो सीधे ग्राहकों के साथ मिलकर जटिल एआई सिस्टम को लागू करेगी। इससे पहले कंपनी ने अन्य 20 हजार कर्मचारियों की छुट्टी कर दी। सीधे ओपनएआई, गूगल जैसी वैश्विक तकनीकी को चुनौती देगी।

### दिल्ली में महिलाओं को मिलेंगे हर माह 2500



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने महिला समृद्धि योजना का नाम बदलकर 'दिल्ली लक्ष्मी योजना' कर दिया है। सीएम रेखा गुप्ता ने सयोजना की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इसे रक्षाबंधन के आसपास शुरू करने का लक्ष्य तय किया है। योजना में 21 से 60 वर्ष आयु वर्ग की पात्र महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। *एजेंसी*

### चांदीपुरा वायरस से एक माह में 12 बच्चों की मौत



**अहमदाबाद।** गुजरात में संक्रमण से एक महीने में अब तक 12 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें से तीन बच्चे चांदीपुरा वायरस से संक्रमित थे। अन्य 9 बच्चों की मौत भी इसी वायरस से होने की आशंका है। संक्रमण के मामले गांधीनगर, साबरकांठा, खेड़ा, अरावली और पंचमहल जिलों में सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल्ल पानसेरिया ने बताया कि इस घातक वायरस के संक्रमण के कारण अब तक 3 बच्चों की मौत हो चुकी है। *एजेंसी*

# प्रदेश में बदला मौसम, तीन जिलों में आंधी-बारिश



फतेहाबाद में बारिश से सड़कें तालाब बन गईं

*हिसार में महिला पर लोहे का होर्डिंग गिरा, फतेहाबाद में ट्रैक्टर पर पेड़ गिरा, युवक की मौत, सिरसा में घरों में घुसा पानी*

हरिभूमि टीम ▸▸ हरियाणा

प्रदेश के हिसार, सिरसा और फतेहाबाद में सोमवार शाम अचानक मौसम बदल गया। फतेहाबाद में दिन के समय ही अंधेरा छा गया। पहले तेज आंधी चली, इसके बाद बारिश शुरू हो गई। हिसार में आंधी के बाद बारिश हुई। आंधी के दौरान बहबलपुर गांव में तूफान के कारण महिला पर लोहे का होर्डिंग गिर गया, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई। उधर, सिरसा के जोड़कियां गांव



में बारिश के कारण घरों में पानी घुस गया। लोगों ने बाल्टियों से पानी बाहर निकाला। वहीं, फतेहाबाद के हंस मार्केट में बारिश के दौरान एक जूते की दुकान का छज्जा भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि हादसे के समय वहां कोई मौजूद नहीं था। भिरडाना गांव के पास तेज आंधी में बोलेरो गाड़ी पर पेड़ गिर गया। हालांकि, ड्राइवर बच गया। रतिया क्षेत्र में आंधी के बीच ट्रैक्टर पर पेड़ गिर गया, जिसमें युवक की मौत हो गई। मौसम विभाग के अनुसार 18 जुलाई तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। यानी इस दौरान बारिश के आसार काफी कम हैं। हालांकि, आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं, जिससे उमस बढ़ने की संभावना है।

# मानसून सात दिन बाद फिर पकड़ेगा रफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान, गुजरात और उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में बीते 3-4 दिनों में कमजोर पड़ा मानसून 20 जुलाई से फिर रफ्तार पकड़ेगा। सैटेलाइट इमेज में पूर्वी, मध्य और पूर्वोत्तर भारत के ऊपर घने बादल दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, बांग्लादेश और पूर्वोत्तर के ऊपर बने चक्रवाती सिस्टम और पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के कारण अगले कुछ दिनों में बारिश की गतिविधियां तेज होंगी। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, बिहार समेत 18 राज्यों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर राज्यों और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले 6-7 दिनों तक कई जगह अच्छी से भारी बारिश होने का अनुमान है।

### उत्तराखंड में लैंडस्लाइड से सैकड़ों सड़कें बंद

उत्तराखंड में लगातार बारिश के कारण कई जगह लैंडस्लाइड हुई है। 2 नेशनल हाईवे समेत 126 सड़कें बंद हैं। स्यानाचट्टी के पास ऋषिकेश-यमुनोत्री हाईवे लगातार तीसरे दिन भी बंद रहा।

### हरियाणा में नदियां उफान पर

हरियाणा में हिमाचल से आ रहे पानी के कारण यमुना और मारकंडा नदी में पानी बढ़ गया है। इससे कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात हैं। दिल्ली में बारिश से यमुना का जलस्तर बढ़ गया है। कुरुक्षेत्र में ढाई हजार एकड़ में धान की फसल बर्बाद हो चुकी है।

# राम मंदिर सीईओ की भर्ती का नोटिस

## 18 जुलाई तक ईमेल के जरिए मांगे आवेदन | सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, सीसीटीवी सुरक्षित रखने के दिए आदेश | यूपी, केंद्र और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नोटिस जारी

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यूपी, केंद्र सरकार और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नोटिस जारी किया। यूपी सरकार की तरफ से बनाई गई स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) से अब तक की जांच की स्टेटस रिपोर्ट मांगी। कहा- रिपोर्ट में जांच अधिकारियों के बारे में भी बताएं। कोर्ट ने मामले से जुड़े सीसीटीवी सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया। सरकार की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- स्टेटस रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में पेश की जाएगी। इस पर कोर्ट ने साफ किया कि रिपोर्ट में एसआईटी के गठन और उसकी संरचना की पूरी जानकारी होनी चाहिए। कोर्ट ने अगली सुनवाई 20 जुलाई को तय की। राम मंदिर ट्रस्ट ने सीईओ की भर्ती के लिए आवेदन निकाले हैं। आवेदक की उम्र 50 से 70 साल के बीच होनी चाहिए। शैक्षिक योग्यता ग्रेजुएशन। आवेदन की अंतिम डेट 18 जुलाई 2026 शाम 4 बजे तक है। वहीं, अयोध्या पुलिस मामले में गिरफ्तार सभी 8 आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया। स्पेशल कोर्ट की जज प्रतिभा नारायण ने सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए बढ़ा दी।

*पुलिस ने चंदा चोरी के आरोपी अविनाश, अनुकल्प, लवकुश और करुणेश को रिमांड पर लेकर पूछताछ की। चढ़ावा चोरी के आरोपियों को फैजाबाद जेल में अलग-अलग बैरक में रखा गया है।*

### चार अलग-अलग याचिकाओं पर चल रही सुनवाई

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच 4 अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाओं में जांच सीबीआई को सौंपने के अलावा मंदिर में दान के प्रबंधन से जुड़े अलग-अलग विषयों की समीक्षा के लिए एक्सपर्ट कमेटी बनाने की मांग की गई है।

### आठों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ी

राममंदिर चढ़ावा चोरी में जेल में बंद आठों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ा दी गई है। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज और एंटी करप्शन स्पेशल कोर्ट के जज रजत वर्मा के छुट्टी पर थे। इसके चलते आज सुनवाई प्रभारी एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज प्रतिभा नारायण की कोर्ट में हुई। अब आठों आरोपियों की पेशी 27 जुलाई को होगी। आज आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई।



### बद्रीनाथ चढ़ावा चोरी

## मुख्य आरोपी पकड़ा सामान भी बरामद

**चमोली।** बद्रीनाथ में चढ़ावा चोरी के मामले में गिरफ्तार बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर कमेटी (बीकेटीसी) के निलंबित पर्सनल असिस्टेंट प्रमोद नौटियाल को सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायालय, गोपेश्वर में सिविल जज में पेश किया गया है। पुलिस ने बताया कि मनी ट्रेल और संभावित कड़ियों की जांच के लिए आरोपी की पुलिस रिमांड मांगी है। इससे पहले चमोली पुलिस की एसआईटी ने 12 जुलाई की रात करीब 10 बजे देहरादून के नेहरू कॉलोनी स्थित उनके आवास से प्रमोद नौटियाल को गिरफ्तार किया था। उन्हें चमोली लाकर बद्रीनाथ थाने में उनसे और मंदिर समिति के चार कर्मचारियों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान जब प्रमोद नौटियाल से पूछा गया कि क्या चढ़ावा चोरी के मामले में मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी भी शामिल हैं, तो उन्होंने सिर हिलाकर नहीं में जवाब दिया। चमोली पुलिस के अनुसार, 8 जुलाई को प्रभारी मंदिर अधिकारी युद्धवीर पुष्पवाण की शिकायत पर बद्रीनाथ कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था।



# ईरान को बहुत बुरी तरह मारेंगे होर्मुज पर कब्जा करेंगे : ट्रंप

## जहाजों से माल का 20% टैक्स लेंगे

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी देते हुए कहा कि अगर उसने अंतरिम समझौते का उल्लंघन जारी रखा, तो अब उसे 'बहुत बुरी तरह' मारा जाएगा। ट्रंप ने आरोप लगाया कि ईरान ने अंतरिम समझौता तोड़ दिया है और अब उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट का कंट्रोल संभालेगा। उन्होंने कहा, जहाजों से माल का 20 फीसदी टैक्स लेंगे। हम स्ट्रेट के गार्डियन बनेंगे। इसकी सुरक्षा करेंगे। दूसरी ओर, ईरान ने पलटवार करते हुए कहा कि वह अमेरिका को होर्मुज स्ट्रेट में किसी भी तरह का दखल नहीं देने देगा। होर्मुज को लेकर दोनों देशों के बीच टकराव लगातार तेज होता जा रहा है।



### ईरान ने किए अमेरिकी मिसाइल लॉन्चर तबाह

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उसने सोमवार सुबह कुवैत में अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर हमला किया। इसमें अमेरिका के सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल बेस को निशाना बनाया गया। संगठन का दावा है कि इस कार्रवाई में दो हिमरास मिसाइल लॉन्चर और मिसाइलों से भरे गोदामों में आग लग गई, जिससे वे पूरी तरह नष्ट हो गए। हालांकि, अभी तक इस दावे की पुष्टि नहीं हुई है।

### जंग के बीच रूसी प्लेन ईरान पहुंचा

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच रूस का एक बेहद खास सैन्य विमान टीयू-214पीयू ईरान की राजधानी तेहरान पहुंचने का दावा किया जा रहा है। टीयू-214पीयू को रूस का एयरबोर्न कमांड पोस्ट या 'डूम्सडे प्लेन' भी कहा जाता है। यह भीषण जंग या परमाणु जंग जैसी हालत में इस्तेमाल के लिए तैयार किया गया है। इस विमान में ऐसी सुरक्षित और एन्क्रिप्टेड संचार प्रणाली लगी है, जिसके जरिए राष्ट्रपति और शीर्ष सैन्य अधिकारी हवा में रहते हुए भी सेना को निर्देश दे सकते हैं। *(संबंधित पेज 8 पर)*

# भारत ने लॉर्ड्स का पहला महिला टेस्ट मैच जीता

### इंग्लैंड को 270 रन से हराया

**लंदन।** लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड के 142 साल के इतिहास में पहली बार खेला गया महिला टेस्ट भारतीय टीम ने जीत लिया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड को 270 रन से हरा दिया। रनों के लिहाज से यह भारतीय महिला टीम की दूसरी सबसे बड़ी टेस्ट जीत रही। इससे पहले टीम ने 2023 में इंग्लैंड को ही 347 रन से हराया था। भारत को आज तक इंग्लैंड में महिला टेस्ट में हार नहीं मिली है। टीम ने यहां अब तक 11 टेस्ट खेले हैं, जिनमें 3 जीते हैं, जबकि 8 मुकाबले ड्रॉ रहे। भारत ने पहली पारी में 285 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड 170 पर सिमट गई। *(विस्तृत खेल पेज पर)*

**यस्तिका का शतक, 7 विकेट लेने वाली क्रांति प्लेयर ऑफ द मैच**

**भारतीय महिला टीम की दूसरी सबसे बड़ी टेस्ट जीत**



## रुटीन मूवमेंट के तहत गुजर रहे थे जवान

# नगालैंड में आईईडी धमाका, जवान शहीद

**कोहिमा (एजेंसी)।** नगालैंड में शोखुवी-चुमौकेदिमा रोड पर संदिग्ध इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) धमाके में असम राइफल्स का एक जवान शहीद हो गया और चार अन्य घायल हो गए। धमाका नगालैंड के चुमौकेदिमा जिले में सुखोवी (शोखुवी) के पास हुआ। यहां असम राइफल्स का एक बड़ा ट्रेनिंग सेंटर है। पहले से लगाए गए आईईडी ने असम राइफल्स की गाड़ियों के काफिले को निशाना बनाया, जब सुरक्षाकर्मी रुटीन मूवमेंट के तहत उस इलाके से गुजर रहे थे। धमाके के तुरंत बाद, सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी।

**चार अन्य घायल, गाड़ियों के काफिले को बनाया निशाना**

# एस्सेल ग्रुप चेयरमैन डॉ. सुभाष चंद्रा के पिता नंद किशोर गोयनका नहीं रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

देश के प्रख्यात उद्योगपति एवं एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुभाष चंद्रा के पिता, वरिष्ठ समाजसेवी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समर्पित स्वयंसेवक नंद किशोर गोयनका का सोमवार दोपहर 12:30 बजे मुंबई स्थित उनके निवास पर निधन हो गया। वे 96 वर्ष के थे। उनके निधन से एस्सेल परिवार, सामाजिक संगठनों, वैश्य समाज तथा अग्रोहा धाम से जुड़े हजारों लोगों में शोक की लहर है। नंद किशोर गोयनका का पार्थिव शरीर मंगलवार को प्रातः 7 बजे चार्टर्ड विमान से पैतृक शहर हिसार लाया जाएगा। नंद किशोर गोयनका का अंतिम संस्कार 15 जुलाई प्रातः 11 बजे में किया जाएगा। उनकी पार्थिव देह अग्रोहा धाम स्थित गोयनका उद्यान में पंचतत्व में विलीन होगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एक्स पर पोस्ट कर नंद किशोर गोयनका के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया।



**गोभक्त का पार्थिव शरीर चार्टर्ड विमान से पहुंचेगा हिसार अग्रोहा धाम स्थित गोयनका उद्यान में किया जाएगा अंतिम संस्कार**

### गहरा दुःख पहुंचा

एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुभाष चंद्रा जी के पूज्य पिताश्री श्री नंद किशोर गोयनका जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। वे मेरे पूज्य पिताजी के अनन्य मित्र रहे। उनके निधन से व्यक्तिगत रूप से भी गहरा दुःख पहुंचा है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति, धैर्य एवं संबल दें। ॐ शांति।

*- कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व वित्त मंत्री*

# गो हत्या बैन के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, कहा-इसमें सुधार की जरूरत

*मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था- ये इस्लाम में जरूरी प्रथा नहीं*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें तमिलनाडु सरकार को बकरीद या किसी भी दिन राज्य में गाय-बछड़ों के वध पर रोक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस आदेश में सुधार की जरूरत है। राज्य सरकार ने मद्रास हाईकोर्ट के 27 मई के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि जब कानून तय श्रेणी की गायों के वध की अनुमति देता है, और उसके लिए निर्धारित स्थान भी तय हैं, तब अदालत का ऐसा निर्देश कानून के प्रावधानों के विपरीत है। इसे कायम नहीं रखा जा सकता। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने आज इस मामले में नोटिस जारी किया और हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। मद्रास हाईकोर्ट ने 27 मई को ( बकरीद से एक दिन पहले) तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया था कि राज्य में बकरीद या किसी अन्य दिन गाय और बछड़ों की कुर्बानी न हो।



### हाईकोर्ट ने दिया था संविधान के अनुच्छेद 48 का हवाला

हाईकोर्ट ने कहा था कि संविधान का अनुच्छेद 48 राज्य सरकार को गाय, बछड़ों और दुधारू-पशुओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाने का निर्देश देता है। कोर्ट ने तमिलनाडु एनिमल प्रिजर्वेशन एक्ट, 1958 की धारा-4 का उल्लेख किया। इसमें कहा गया है कि 10 साल से ज्यादा उम्र और प्रजनन के अयोग्य पशु को ही प्रमाणपत्र मिलने के बाद काटा जा सकता है। अदालत ने कहा कि इस प्रावधान की सख्ती से व्याख्या होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा था कि अगर किसी पशु की कुर्बानी दी जाती है तो वह केवल निर्धारित जगहों पर ही होनी चाहिए।

# अब ज्यादातर कर्मियों व पेंशनरों को मिलेगा मेडिकल खर्च का लाभ

## आश्रितों की मासिक आय सीमा 3500 से बढ़ाकर 9000 रुपये की

*यह निर्णय वित्त विभाग की सहमति के बाद लिया गया है। वित्त विभाग ने 26 जून 2026 को अपनी मंजूरी प्रदान की थी, जिसके आधार पर अब संशोधित आदेश जारी कर दिए गए हैं।*

### इलाज का आर्थिक बोझ कम करने में मिलेगी मदद

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)** महंगाई और बढ़ते इलाज के खर्च के बीच हरियाणा सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने मेडिकल प्रतिपूर्ति (मेडिकल रीइम्बर्समेंट) के लिए आश्रितों की मासिक आय सीमा 3,500 रुपये से बढ़ाकर 9,000 रुपये कर दी है। इस फैसले से हजारों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों के परिवारों को सीधे तौर पर लाभ मिलने की उम्मीद है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, अब ऐसे आश्रित, जिनकी मासिक आय 9,000 रुपये तक है, उन्हें भी चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना का लाभ मिल सकेगा। पहले 3,500 रुपये से अधिक आय होने पर आश्रित इस सुविधा से वंचित हो जाते थे।



### लगातार बढ़ रहे चिकित्सा खर्च को देखते हुए फैसला

सरकार का कहना है कि बदलती आर्थिक परिस्थितियों और लगातार बढ़ रहे चिकित्सा खर्च को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। वित्त विभाग की मंजूरी के बाद इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद बड़ी संख्या में ऐसे कर्मचारी और पेंशनर, जिनके परिवार आय सीमा के कारण अब तक योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे, अब चिकित्सा प्रतिपूर्ति के पात्र होंगे। इससे गंभीर बीमारियों के इलाज का आर्थिक बोझ कम करने में मदद मिलेगी।

## सीएम ने की 75 करोड़ से अधिक की 12 परियोजनाओं की समीक्षा, समय पर पूरा करने के दिए निर्देश

# गन्नौर अंतरराष्ट्रीय मंडी और पिंजौर एप्पल मार्केट के शेडों पर लगेंगे सौर ऊर्जा संयंत्र

हिसार में आईएमसी और गुरुग्राम में ग्लोबल सिटी की भी समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य की सभी विकास परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाएं, ताकि उनकी लागत न बढ़े और जनता को समय पर लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री सोमवार को स्टेट प्रगति परियोजना समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में 75 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली 12 प्रमुख परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्नौर अंतरराष्ट्रीय फल, फूल, सब्जी एवं बागवानी मंडी तथा पिंजौर एप्पल मार्केट में बनने वाले शेडों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएं, जिससे दोनों मंडियां ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकें। गन्नौर मंडी में तीन वातानुकूलित शेड तैयार हो चुके हैं। यहां 20 प्रतिशत हरित क्षेत्र विकसित किया जाएगा, सड़कों के किनारे पौधारोपण होगा तथा रैनीवेल, प्रकाश एवं ध्वनि व्यवस्था और वर्षा जल संचयन की सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। यह मंडी उत्तर भारत के किसानों के लिए प्रमुख कृषि विपणन केंद्र के रूप में विकसित होगी, जहां उत्तर प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों के किसान अपने उत्पाद बेच सकेंगे। पिंजौर गार्डन तक फोरलेन कॉरिडोर विकसित किया जाएगा और टिक्करताल मार्ग का भी चौड़ीकरण किया जाएगा। बैठक में हिसार में 707 करोड़ रुपये की लागत से एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर गुरुग्राम में 1,003 करोड़ रुपये की लागत से ग्लोबल सिटी सहित अन्य परियोजनाओं की समीक्षा की।

### 5200 ग्राम पंचायतों तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाने का कार्य अंतिम चरण में

बैठक में भारतनेट परियोजना की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि 5,200 ग्राम पंचायतों तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाने का कार्य अंतिम चरण में है, जबकि शेष लगभग एक हजार पंचायतों में भी जल्द यह सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी। इसके माध्यम से ग्राम पंचायतों, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ियों और ई-लाइब्रेरी को हाई-स्पीड इंटरनेट से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि नूंह में लगभग 156 करोड़ रुपये की लागत से सात मंजिला 100 बेड का अस्पताल बनाया जाएगा। महेंद्रगढ़ के नसीबपुर में राव तुलाराम शहीद स्मारक और पानीपत के कालाअंब में 16 एकड़ भूमि पर मराठा शौर्य स्मारक का निर्माण भी प्रस्तावित है।

## पंचकूला से राज्यव्यापी स्वच्छता अभियान शुरू

**सीएम ने झाड़ू लगाई, कूड़ा उठाया**



**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति व्यापक जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला से राज्यव्यापी स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं श्रमदान कर सफाई की तथा प्रदेशवासियों से स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने अभियान की शुरुआत पंचकूला के सेक्टर-20 की मुख्य मार्केट के सामने स्वयं झाड़ू लगाकर की। उन्होंने आसपास के क्षेत्र की सफाई करते हुए नागरिकों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने कचरे के वैज्ञानिक एवं उचित निष्पादन के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए स्वयं कचरा एकत्र कर रेहड़ी में डाला। इस मौके पर उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण भी किया।

## स्क्रैप वाहनों के पंजीकरण के लिए पोर्टल बनेगा

**चंडीगढ़।** हमुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य में स्वच्छ वायु, हरित परिवहन और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक तकनीकों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्क्रैप वाहनों के पंजीकरण एवं वैज्ञानिक निस्तारण की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए एक पोर्टल विकसित किया जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने राज्यभर में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना को गति देने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री हरियाणा सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर रेजिलिएंट जॉब्स, अर्बन एयर क्वालिटी एंड नेक्स्ट जेनरेशन स्किल्स परिषद (अर्जुन एसपीवी)' के निदेशक मंडल की द्वितीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

## सीएम विंडो पर अब तक 15.71 लाख शिकायतें दर्ज, 14.09 लाख का निपटारा

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से सुशासन को मजबूत करने की दिशा में सीएम विंडो आमजन की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और जवाबदेह समाधान का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों के अनुरूप सीएम विंडो पर शिकायत प्राप्त होते ही उसे तत्काल संबंधित विभाग को भेज दिया जाता है और शिकायत के निस्तारण के लिए एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए जाते हैं।
इस व्यवस्था का परिणाम है कि अब तक सीएम विंडो पर 15,71,284 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 14,09,483 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। शेष शिकायतों पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई जारी है।

## खदरी सीएम के विशेष शिकायत निवारण अधिकारी नियुक्त



- हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष रह चुके
- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के करीबी

**चंडीगढ़।** सरकार ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष अधिकारी (शिकायत निवारण) नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार, भोपाल सिंह खदरी की नियुक्ति एक अस्थायी और पृथक पद पर की गई है। वह इस पद पर तब तक कार्यरत रहेंगे, जब तक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चाहेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष अधिकारी (शिकायत निवारण) के रूप में भोपाल सिंह खदरी की जिम्मेदारी नागरिकों की शिकायतों के निस्तारण से जुड़े कार्यों का समन्वय और निगरानी करना होगी। इस नियुक्ति से शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। भोपाल खदरी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक के तौर पर सफर शुरू किया था।

भोपाल खदरी सबसे पहले स्वर्गीय सांसद रतनलाल कटारिया का कामकाज बतौर पीए संभालते रहे और उनके नजदीकी भी रहे। बाद में हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन में सदस्य और बाद में सरकार ने उन्हें आयोग का अध्यक्ष भी तैनात किया था। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के करीबी रहे हैं

## बोर्डों एवं निगमों के चेयरमैनों से मिले सीएम

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सोमवार को संत कबीर कुटीर पर प्रदेश के विभिन्न बोर्डों एवं निगमों के चेयरमैन एवं वाइस चेयरमैन ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने सभी चेयरमैन एवं वाइस चेयरमैन को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बोर्ड और निगम सरकार तथा जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर और सही पात्र लोगों तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा के संकल्प के साथ काम कर रही है। सभी बोर्ड एवं निगम भी इसी भावना से कार्य करें और अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।


**मोतीलाल नेहरू खेल विद्यालय, राई-131029**
**जिला सोनीपत (हरियाणा)**

*(हरियाणा सरकार द्वारा संचालित और केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), नई दिल्ली से सम्बद्ध एक सह-शैक्षणिक आवासीय विद्यालय)*

**भर्ती सूचना (विज्ञा. सं. 04/2026)**

निम्नलिखित पदों (नियमित आधार पर) के लिए आवेदन एतद द्वारा आमंत्रित किए जाते हैं।

1. रिक्तियों का विवरण :-

| पद | पदों की सं. | श्रेणी | एफपीएल |
|---|---|---|---|
| लिपिक | 01 | बीसी(ए) | एफपीएल-3 |
| | 01 | डीएससी | एफपीएल-3 |
| स्टेनो-टाइपिस्ट | 01 | यूआर | एफपीएल-3 + 100 |

2. ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने के लिए अन्तिम तिथि
ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 15.07.2026 को पूर्वा. 10.00 बजे से 04.08.2026 को 12:00 बजे अर्धरात्रि तक क्रियाशील रहेगा।
3. आवेदन प्रपत्र और विस्तृत विज्ञापन :-
आवेदन प्रपत्र, पात्रता मापदंड, निर्देश, और अन्य विवरण विद्यालय वेबसाइट : www.mnssrai.com पर उपलब्ध हैं।
4. टिप्पणी :-
रिक्तियों की संख्या अस्थायी है और सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर निरस्तीकरण समेत बढ़ाई अथवा घटाई जा सकती है।

हस्ता/- प्राचार्य एवं निदेशक (कार्यकारी)
एम.एन.एस.एस., राई

संवाद-1262/11/76/2027/47102/सी/88/6 दि. 13.07.26


**खबर संक्षेप**

### बरवाला में 50 बेड का अस्पताल बनाने की मंजूरी

**चंडीगढ़। सरकार** ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने हिसार जिला के बरवाला में एक नया 50 बेड का आधुनिक अस्पताल बनाने की प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 6566.52 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि इस नए अस्पताल के लिए अलग से भूमि अधिग्रहण करने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि इसका निर्माण वर्तमान में पहले से चल रहे सब-डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल (एसडीएच) बरवाला के कैंपस के भीतर ही किया जाएगा।

### इनेलो संगठन का विस्तार रामा को अहम जिम्मेदारी

**चंडीगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला से विचार विमर्श करके राष्ट्रीय और राज्य कार्यकारिणी में नई नियुक्तियां की। रतिया से पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री रहे रामस्वरूप रामा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सचिव बनाया गया है। वहीं करनाल निवासी मदन मोहन चौधरी को भी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जगह मिली है उनको भी राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। भिवानी निवासी हनुमान प्रसाद को प्रदेश व्यापार मंडल का राज्य संयोजक बनाया गया है।

### सरकार की नीतियां जनविरोधी : डॉ गुप्ता

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने करनाल के राम नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित एक महत्वपूर्ण जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ मंच पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और भारी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. सुशील गुप्ता ने राज्य की वर्तमान कानून-व्यवस्था, बढ़ती बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सरकारी पूरी तरह से जनविरोधी है।

### प्लॉट धारकों को मौका

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के पात्र प्लॉट आवंटियों को 'विवादों से समाधान योजना-2026' का लाभ उठाने का एक और अवसर दिया है। योजना के तहत आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रदेश के 103 सेक्टरों के करीब 5,085 आवंटियों को शामिल किया गया है।

## बैंक घोटाला: गिरफ्तारी के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचा आरोपी प्रदीप कुमार



- गिरफ्तारी व रिमांड को अवैध घोषित करने व रिहाई की मांग

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सरकारी विभागों के बैंक खातों से कथित सरकारी धन के गबन और अनधिकृत हस्तांतरण से जुड़े बहुचर्चित मामले में गिरफ्तार आईएएस अधिकारी प्रदीप कुमार ने अपनी गिरफ्तारी, पुलिस रिमांड और न्यायिक हिरासत को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तारी के समय और उसके बाद भी उन्हें लिखित रूप से गिरफ्तारी के आधार नहीं बताए। इसे मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए गिरफ्तारी, रिमांड आदेशों और उसके बाद की पूरी कार्यवाही को अवैध घोषित कर तत्काल रिहाई का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका के अनुसार, इस मामले में सबसे पहले 23 फरवरी 2026 को हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सरकारी विभागों के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक खातों से सरकारी धन के कथित गबन के आरोप में एफआईआर दर्ज की थी। बाद में 8 अप्रैल 2026 को जांच सीबीआई को सौंप दी गई।

इसके बाद सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत नया मामला दर्ज कर जांच शुरू की। याचिकाकर्ता का कहना है कि सीबीआई के नोटिस मिलने पर वह 15 मई और 24 जून 2026 को स्वयं जांच में शामिल हुए और जांच एजेंसी को पूरा सहयोग दिया।

## एचएसवीपी का कारनामा, अलॉट प्लाट की बदल दी लोकेशन

- हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर जवाब तलब किया, अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा आवंटित प्लाट की कथित रूप से लोकेशन बदलने के मामले में अंतरिम राहत देते हुए अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। जस्टिस विकास बहल की पीठ ने हरियाणा सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई 11 अगस्त 2026 निर्धारित की है।याचिकाकर्ता जोगिंदर पाल बंसल ने हाई कोर्ट में दायर याचिका में कहा कि उसे फरीदाबाद के सेक्टर 45 में मूल रूप से प्लाट नंबर 906-पी आवंटित किया गया था। यह प्लाट दो ओर से नौ-नौ मीटर चौड़ी सड़कों से जुड़ा हुआ था और दो दिशाओं से खुला होने के कारण प्रीमियम श्रेणी का था। इसी विशेष स्थिति के कारण उन्होंने एचएसवीपी को प्रेफरेंशियल लोकेशन चार्ज भी अदा किए थे।याचिका के अनुसार, बाद में एचएसवीपी ने बिना किसी वैध कारण के प्लाट नंबर 906-पी की वास्तविक लोकेशन बदल दी। अब जिस स्थान पर प्लाट 906-पी दर्शाया गया है, वह पहले की तुलना में कम सुविधाजनक है और केवल एक ओर से सड़क से जुड़ा हुआ है। वहीं, जिस स्थान पर मूल रूप से प्लाट 906-पी था, वह आज भी उसी स्थान पर मौजूद है, लेकिन उसका नंबर बदलकर 909-पी कर दिया।

## दुर्घटना की तारीख से ही मुआवजे का अधिकार

- हादसे की तारीख से मिलेगा 12% ब्याज, भुगतान में देरी पर नियोक्ता पर 50% जुर्माना

**चंडीगढ़।** हाई कोर्ट ने कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 के तहत एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि कार्यस्थल दुर्घटना में देय मुआवजे पर ब्याज दावा याचिका दायर होने की तारीख से नहीं, बल्कि दुर्घटना की तारीख से देय होगा। साथ ही, यदि नियोक्ता निर्धारित अवधि में मुआवजा देने में विफल रहता है और उसके पास देरी का कोई उचित कारण नहीं है, तो उस पर मुआवजे की राशि का 50 प्रतिशत तक जुर्माना भी लगाया जा सकता है। जस्टिस हरकेश मनुजा ने रोशनी व अन्य की अपील आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया। मामले में कर्मचारी क्षतिपूर्ति आयुक्त गुरुग्राम ने 27 जुलाई 2017 को मृतक के आश्रितों को 8 लाख 61 हजार 120 रुपये मुआवजा तथा दावा याचिका दायर करने की तारीख से नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का आदेश दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए अपीलकर्ताओं ने कहा कि अधिनियम की धारा 4ए के अनुसार उन्हें दुर्घटना की तारीख से 12 प्रतिशत वैधानिक ब्याज मिलना चाहिए था।

## बैंक अधिकारियों और अफसरों की मिलीभगत से हुआ 590 करोड़ का घोटाला : सीबीआई

■ सीबीआई ने अदालत में दायर की दूसरी चार्जशीट में किए अहम खुलासे

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के करीब 590 करोड़ रुपये के चर्चित बैंक घोटाले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दूसरी चार्जशीट दाखिल कर फर्जीवाड़े के कथित तरीके का विस्तृत खुलासा किया है। सीबीआई ने पंचकूला की विशेष अदालत में दाखिल चार्जशीट में 15 लोगों को आरोपी बनाया है। इनमें बैंक अधिकारी, सरकारी कर्मचारी और निजी कंपनियों के निदेशक शामिल हैं। एजेंसी का आरोप है कि सरकारी विभागों के नाम पर फर्जी बैंक खाते खोलकर जाली चेक, फर्जी डेबिट नोट और कूटरचित दस्तावेजों के जरिए सरकारी धन की हेराफेरी की गई। सीबीआई के अनुसार हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला नगर निगम, पंचायत विभाग और हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम सहित कई सरकारी विभागों के खातों से करोड़ों रुपये का गबन किया गया।

आरोप है कि रकम पहले बैंक के जनरल लेजर खातों में स्थानांतरित की गई और बाद में शेल कंपनियों के माध्यम से विभिन्न खातों में भेजकर लाभार्थियों तक पहुंचाई गई। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि फर्जी खाते आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में खोलने के दौरान अनिवार्य केवाईसी प्रक्रिया का भी उल्लंघन किया गया। फोरेंसिक जांच में हटाए गए ई-मेल, लेनदेन रिकॉर्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी बरामद किए गए हैं। सीबीआई का कहना है कि इतनी बड़ी वित्तीय अनियमितता बैंक अधिकारियों, निजी कंपनियों और कुछ सरकारी कर्मचारियों की कथित मिलीभगत के बिना संभव नहीं थी। एजेंसी ने मामले में अन्य संदिग्धों की भूमिका की जांच जारी होने की बात भी कही है। गौरतलब है कि इस मामले में तीन आईएएस अधिकारियों की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है।

### बिना वैध चेक के भी हुए भुगतान फोन नंबर बदल दिए गए

जांच में सामने आया कि कई मामलों में बिना वैध चेक के भुगतान किए गए। एक ही चेक का उपयोग अलग-अलग राशि निकालने के लिए कई बार किए जाने का भी आरोप है। सीबीआई के अनुसार खातों से जुड़े मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी बदल दिए गए, जिससे संबंधित विभागों को लेनदेन संबंधी अलर्ट और बैंक विवरण प्राप्त नहीं हो सके।

## 150 किमी. दूर सुनवाई से पत्नी को राहत, तलाक का केस ट्रांसफर

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने वैवाहिक विवादों से जुड़े सभी मामलों की एक ही अदालत में सुनवाई के सिद्धांत को दोहराते हुए पानीपत की फैमिली कोर्ट में लंबित तलाक की याचिका को फरीदाबाद स्थानांतरित करने का आदेश दिया है। अदालत ने माना कि पत्नी अपनी सात वर्षीय बेटी के साथ फरीदाबाद में रह रही है, उसकी कोई स्वतंत्र आय नहीं है और उसी शहर में उसके तीन अन्य मामले भी लंबित हैं। ऐसे में सभी मामलों की एक ही अदालत में सुनवाई दोनों पक्षों के हित में होगी।जस्टिस हरकेश मनुजा ने एक महिला की ट्रांसफर याचिका स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया। याचिका में पति द्वारा हिंदू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 13 के तहत पानीपत की फैमिली कोर्ट में दायर तलाक की याचिका को फरीदाबाद की सक्षम फैमिली कोर्ट में स्थानांतरित करने की मांग की गई थी। रिकार्ड के अनुसार दोनों का विवाह 21 जुलाई 2018 को हुआ था। दंपती की सात वर्षीय बेटी है। वैवाहिक विवाद के बाद पति ने 17 सितंबर 2024 को पानीपत की फैमिली कोर्ट में तलाक की याचिका दायर की, जिसके बाद पत्नी ने हाई कोर्ट में स्थानांतरण याचिका दाखिल की।

## चंडीगढ़ में छात्र से मारपीट

**चंडीगढ़।** राजधानी में एक क्लब में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। फ्रांस में पढ़ाई कर रहे छात्र के साथ मारपीट की गई। छात्र ने कहा कि आरोपियों ने पहले उसकी उंगलियां जोर से मरोड़ीं, फिर चेहरे और सिर पर लगातार मुक्के-लात बरसाए। सिर पर लोहे के कड़े और मेज से हमला किया गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और उसके बाएं कान से सुनाई देना बंद हो गया। इसके बाद आरोपी क्लब से बाहर गया और कार से पिस्टल निकालकर लहराई।


**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ/एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | 2026_HBC_533552_1 | जारी की गई (मूल्य बोली) को प्रस्तावित दर (सभी करों सहित प्रस्तावित दर) के अनुसार (मूल्य बोली) पढ़ा जाए, तिथि 30.07.2026 अप. 16:00 बजे तक बढ़ा दी गई, खुलना 31.07.2026 पूर्वा. 11:30 बजे। | vitaindia@gmail.com | 9896401185 vitarohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47141/I/88/6 दि. 13.07.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर पोस्टिरियर विट्रेक्टॉमी की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 13.07.2026 03.08.2026 | 1,30,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47140/I/88/6 दि. 13.07.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | 1. फतेहाबाद जिले में टोहाना शहर में हिसार रोड से रतिया रोड को जोड़ने वाले बाईपास/परिधि रोड (कि.मी. 0.000 से कि.मी. 5.000) (आरडी 000 से 5000) और 2. वर्ष 2026-27 हेतु (आरडी 000 से 4500) फतेहाबाद जिले में पुराना एनएच-9 (शहरी भाग) कि.मी. 208.90 से 221.59 (आरडी 000 से 5000) (ओडीआर) केसी/वी में प्लांटेशन कार्य का वार्षिक रखरखाव (01.08.2026 से 31.03.2027 तक 08 माह हेतु प्लांटेशन कार्य का रखरखाव, लेबर कार्य केवल और 7000 ली. क्षमता सरकारी जल टैंकर में पानी को भरना) और एक अन्य कार्य। | 10.07.2026 20.07.2026 | 18.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | एलडब्ल्यूएस (एम) उपमण्डल सं. 2, चरखी दादरी के अधिकार-क्षेत्र के तहत स्टोर में विभिन्न प्रकार की सामग्री की आवश्यकता के सम्बन्ध में। | बंद होने की तिथि 16.07.2026 | 6.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 3 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में सामान्य औषधि विभाग के लिए इंजेक्शन हेपेटाइटिस-ए वैक्सिन की खरीद के लिए निविदा। | 15.07.2026 27.07.2026 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewal@gmail.com |
| 4 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह, हरियाणा में कैंटीन सेवाओं के प्रावधान के लिए निविदा। | 15.07.2026 29.07.2026 | 15.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewal@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2027/80/47142/I/88/6 दि. 13.07.26

**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ईऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| क्रमांक | लॉट संख्या | विवरण | नीलामी प्रारंभ तिथि/समय |
|---|---|---|---|
| 1. | PnU-UMB-CDG-Toi-67-26-2 | चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर पेय एंड यूज़ शौचालय के 03 स्थल का संचालन एवं प्रबंधनः प्लेटफॉर्म संख्या 01 (कमरा संख्या 24, कालका छोर) चंडीगढ़ साइड नई बिल्डिंग में पेय एंड यूज शौचालय का 01 स्थल पंचकूला साइड नई बिल्डिंग मे पेय एंड यूज शौचालय का 01 स्थल (कुल 03 स्थल) | 27.07.2026 12.00.00 hrs |
| 2 | MSS-UMB-GHG-EVCBS-109-26-1 | रेलवे बोर्ड की मोबिलिटी पॉलिसी के अंतर्गत घग्गर रेलवे स्टेशन पर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन और/अथवा बैटरी स्वैपिंग स्टेशन की स्थापना, अनुरक्षण एवं संचालन का ठेका। (साइट प्लान के अनुसार) | 27.07.2026 12.00.00 hrs |
| 3 | MSS-UMB-SASN-EVCBS-106-26-1 | रेलवे बोर्ड की ई-मोबिलिटी नीति के अंतर्गत साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) रेलवे स्टेशन पर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन और/अथवा बैटरी स्वैपिंग स्टेशन की स्थापना, अनुरक्षण एवं संचालन का अनुबंध। (साइट प्लान के अनुसार) | 27.07.2026 12.00.00 hrs |
| 4 | MSS-UMB-KARR-EVCBS 107-26-1 | रेलवे बोर्ड की ई-मोबिलिटी नीति के अंतर्गत खरड़ रेलवे स्टेशन पर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन और/अथवा बैटरी स्वैपिंग स्टेशन की स्थापना, अनुरक्षण एवं संचालन का अनुबंध। (साइट प्लान के अनुसार) | 27.07.2026 12.00.00 hrs |
| 5 | MSS-UMB-LLU-EVCBS-108-26-1 | रेलवे बोर्ड की ई-मोबिलिटी नीति के अंतर्गत लालरू रेलवे स्टेशन पर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन और/अथवा बैटरी स्वैपिंग स्टेशन की स्थापना, अनुरक्षण एवं संचालन का अनुबंध। (साइट प्लान के अनुसार) | 27.07.2026 12.00.00 hrs |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.inपर जाये। 2403/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### शराबी पिता ने बेटे की छाती मे घोंपा चाकू

**जींद।** गांव खटकड़ में मां को बचा रहे बेटे को शराबी पिता ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपित पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खटकड़ निवासी राहुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 जुलाई दोपहर को उसका पिता बलजीत शराब के नशे में धुत होकर घर आया। घर में घुसते ही उसकी मां के साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जब उसने अपने पिता बलजीत को समझाने की कोशिश की तो उसने चाकू से उसकी छाती पर वार कर दिया, जिसमें वह घायल हो गया।

### युवक व युवती के हाथ बंधे शव नहर में मिले

**फरीदाबाद।** आगरा नहर में एक युवक व युवती के हाथ बंधे शव मिले हैं। युवक के चेहरे पर चोट के निशान हैं। दोनों की दो महीने पहले ही जिम में मुलाकात हुई थी। 11 जुलाई की शाम को नहर में कूदने की बात सामने आई थी। मृतका रजनी (26) और मृतक आकाश (24) के परिजनों से एक-दूसरे पर हत्या के आरोप लगाए हैं। रजनी विवाहित थी।

### बवानीखेड़ा में सरेआम 15-20 युवकों ने हथियारों के साथ बोला हमला

# हत्याकांड में सजा काट रहा कैदी जमानत पर आया तो दूसरे गुट ने की हत्या, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

दोहरे हत्याकांड में जेल में बंद दो युवक जब जमानत पर बाहर आए तो उन पर पुरानी रंजिश के चलते दो दर्जन से ज्यादा आरोपियों ने ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इनमें से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर है। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर चार-पांच लोगों के नामजद करते हुए मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ लिया है। मृतक बलजीत व मोनू करीब छह साल पहले हुए दोहरे हत्याकांड में सजा काट रहे थे और 3 माह पहले ही जमानत पर आए थे।

जानकारी के अनुसार, रविवार रात को मोनू और उसका दोस्त बलजीत भिवानी के बवानीखेड़ा अस्पताल में बलजीत की भाभी का हालचाल जानने पहुंचे थे। जहां से वापस जब वे अपने घर जा रहा था तो इसी दौरान बवानीखेड़ा के ही 15-16 आरोपियों ने लाठी-डंडे, लोहे की रॉड व नुकीले हथियारों से हमला कर दिया। आरोपी उन्हें मरा हुआ समझकर वहां से धमकी देते हुए चले गए। भिवानी के नागरिक अस्पताल में इलाज के दौरान चिकित्सकों ने बलजीत को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बवानीखेड़ा के वार्ड नंबर 11 निवासी करीब 33 वर्षीय बलजीत के रूप में हुई है। वहीं घायल बवानीखेड़ा के वार्ड नंबर 13 निवासी मोनू है। बवानीखेड़ा निवासी राहुल ने बताया कि उसकी मां बवानीखेड़ा अस्पताल में भर्ती थी। उसके चाचा बलजीत उसकी मां का हालचाल जानने आया था। यहां से वापस जाते समय बलजीत व उसके दोस्त मोनू पर हमला कर दिया। आरोपियों ने रंजिश में प्लानिंग के तहत यह हमला किया है। उसने कहा कि उसके चाचा बलजीत व मोनू का करीब 6 साल पहले होली पर आरोपियों के साथ विवाद हुआ था। इसी विवाद के कारण दोनों आरोपी जेल में थे। जो दोनों करीब 3 महीने पहले ही जेल से जमानत पर आए थे। इसके बाद अब प्लानिंग करके हत्या की गई है।

### पुलिस ने चार आरोपियों को दबोचा


उपचाराधीन युवक मोनू

तोशाम डीएसपी दलीप सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि झगड़े में दो लोगों को चोट लगी थी। जिनमें से एक की मौत हो गई। मृतक के परिजनों के बयान पर आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। प्राथमिक जांच के अनुसार पुरानी रंजिश में इसकी हत्या की गई है। क्योंकि मृतक भी 2020 में हत्या के मामले में 20 साल की सजा काट रहा है। अब जमानत पर आया हुआ था। उसी पुरानी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया है। थाना बवानीखेड़ा पुलिस ने बलजीत हत्या मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को काबू करने में सफलता प्राप्त की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान दीपक पुत्र राजकुमार, प्रीतम पुत्र राजकुमार, संदीप पुत्र राजकुमार तथा राजकुमार पुत्र जयराम निवासी बवानीखेड़ा के रूप में हुई है।

### एक साल पहले हुए 500 रुपये के विवाद में युवक की हत्या

**सिरसा।** पांच सौ रुपये के विवाद में एक युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गांव के ही 15-20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजन आरोपियों की गिरफ्तार तक युवक का अंतिम संस्कार न करने पर अड़े हैं। अशोक कुमार रविवार शाम को अपने भाई मुकेश व ताऊ के साथ खेत में चारा काटने गया था। इसी दौरान साहबराम समेत 15-20 लोग पहुंचे और अशोक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया व मुकेश को मारने की धमकी दी। अशोक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। अशोक दो भाइयों में सबसे छोटा था और विदेश जाने की तैयारी कर रहा था। बताया जा रहा है कि एक साल पहले साहब राम व अशोक का झगड़ा हुआ था। खेत पड़ोसी साहबराम ने अशोक व मुकेश पर 500 रुपये उठाकर ले जाने का आरोप लगाया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में रंजिश चल रही थी।


घायल अशोक।

### कुरुक्षेत्र के अढ़ोनी गांव में पुलिस कार्रवाई

# पुजारी पर हमले के आरोपी के घर व दरगाह पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



अढ़ोनी गांव में शिव मंदिर के पुजारी योगीराज गिरी (74) पर हुए हमले में शामिल आरोपियों पर पुलिस व राजस्व विभाग ने कार्रवाई की है। भारी पुलिस फोर्स के साथ मुख्य आरोपी पंकज के घर और दरगाह पर बुलडोजर चलाया गया है। इसका पंकज के परिजनों ने विरोध जताया।

गांव के सरपंच परमजीत सिंह ने बताया कि पंचायत ने वर्ष 2023 में गांव के रास्तों पर किए गए अवैध कब्जों की शिकायत प्रशासन को दी थी। निशानदेही में दरगाह का आगे की तरफ करीब 3.4 फीट हिस्सा सरकारी रास्ते में बना हुआ है। इसी तरह मुख्य आरोपी पंकज के घर का करीब 7 फीट हिस्सा भी रास्ते में आ रहा था। प्रशासन इन दोनों जगहों के साथ अन्य अवैध कब्जों को हटवा दिया। आरोपी के मकान और दरगाह के अलावा 16 अन्य अवैध कब्जे भी शामिल हैं, जिन पर कार्रवाई होनी है। फिलहाल, टीम ने दोनों जगह पर ही कार्रवाई की है।

सरपंच परमजीत सिंह ने बताया कि 9 जुलाई को जब बुजुर्ग पुजारी की तरह मंदिर में साफ-सफाई कर रहे थे। इसी दौरान एक आरोपी ने वहां पहुंचने के बाद अपनी पत्नी से लाठी मंगवाई। इसके बाद उसने बुजुर्ग पुजारी पर ताबड़तोड़ वार करने शुरू कर दिए। आरोप है कि उनकी टांग भी तोड़ दी गई। वहीं एक दूसरा आरोपी भी पहुंचा और गले में कपड़ा डालकर सड़क तक घसीटा।

#### संतों की बैठक कल

मामले को लेकर 15 जुलाई बुधवार को शिव मन्दिर कुरुक्षेत्र के गांव धुराला में षडदर्शन साधु समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी। षडदर्शन साधुसमाज के संगठन महामंत्री संत सुनील दास, कुरुक्षेत्र अध्यक्ष महंत जनार्दन दास ने बताया कि भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना ना हो इस संदर्भ को लेकर चर्चा होगी।

# एनकाउंटर में 3 बदमाशों के पैर में मारी गोली

- राादौर के शाकुंभरी ज्वेलर्स पर लूट के मामले का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

रादौर के मेन बाजार स्थित शाकुंभरी ज्वेलर्स पर पिछले दिनों हुई लूट के मामले को सुलझाते हुए पुलिस ने कांजनू पुल के पास एनकाउंटर के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में तीन आरोपियों के पैर में गोली लगी है। घायल बदमाशों की पहचान इंद्री निवासी रवि, सोनीपत के गन्नौर निवासी सतबीर और पवन उर्फ पुन्ना के रूप में हुई है। वहीं चौथे आरोपी प्रवीण को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों पर 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। मुठभेड़ के दौरान सीआईए-2 के प्रभारी राकेश भी बाल-बाल बच गए। बदमाशों की ओर से चलाई गई एक गोली उनकी बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। इस वजह से उनकी जान बच गई।

### ट्रैफिक पुलिस ने अपनी ही रिकवरी क्रेन का काटा 11 हजार का चालान

**करनाल।** कानून का पालन कराने वाली ट्रैफिक पुलिस ने निष्पक्ष कार्रवाई का उदाहरण पेश करते हुए अपनी ही रिकवरी क्रेन का 11 हजार रुपये का चालान काटकर उसे इंपाउंड कर दिया। जांच में सामने आया कि क्रेन की वैधता समाप्त होने के बावजूद उसका उपयोग किया जा रहा था। सोशल मीडिया पर मिली जानकारी के बाद ट्रैफिक पुलिस ने जांच शुरू की। ऑनलाइन रिकॉर्ड की जांच में पता चला कि वर्ष 2016 मॉडल की क्रेन की वैधता कुछ माह पहले समाप्त हो चुकी है। कार्रवाई के दौरान चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन दस्तावेजों के आधार पर पुलिस ने वाहन को इंपाउंड कर चालान कर दिया। एएसआई वेदपाल ने कहा कि कानून सभी के लिए समान है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से बिना हेलमेट वाहन न चलाने, वैध दस्तावेज रखने और निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने की अपील भी की।



### ट्रक पर तिरपाल डालते समय हाईवोल्टेज लाइन की चपेट में आया चालक, मौत

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र स्थित मोहियुद्दीनपुर के स्टोन क्रेशर पर एक दर्दनाक हादसे में 38 वर्षीय ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। ड्राइवर लोड की गई खनन सामग्री पर तिरपाल डाल रहा था। तभी वह ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। मृतक की पहचान पंजाब के गुरदासपुर जिले के गांव कोट मंजलस निवासी प्रणाम सिंह के रूप में हुई है। छछरौली थाना पुलिस ने मामले में स्टोन क्रेशर के मालिक के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के भांजे पंजाब निवासी जंगबहादुर सिंह ने बताया कि उसका मामा प्रणाम सिंह पिछले करीब डेढ़ साल से कंपनी में ट्रक ड्राइवर के रूप में कार्यरत था। वह मोहियुद्दीनपुर स्थित जय लक्ष्मी स्टोन क्रशर से रेत, बजरी और अन्य निर्माण सामग्री लोड कर विभिन्न स्थानों पर सप्लाई करता था। भांजे ने आरोप लगाया कि क्रशर मालिक ने ट्रकों में सामग्री लोड करने के लिए जो रैंप बनाया है, वह सीधे हाईटेंशन लाइन के नीचे स्थित है। इसी वजह से हादसा हुआ। भांजे ने बताया प्रणाम सिंह की मौत के बाद घर में उसकी बेटी, पत्नी व मां ही बचे हैं।

# हाउसिंग सोसायटी की आड़ में गड़बड़ी पर ईडी की छापेमारी

- 6.63 करोड़ रुपये की नकदी, सोना-चांदी जब्त, कई बैंक खाते फ्रीज

हरिभूमि न्यूज/एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

सहकारी ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के नाम पर कथित वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली, गुरुग्राम और फरीदाबाद में एक साथ आठ ठिकानों पर छापेमारी की है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत 9 जुलाई को की गई इस कार्रवाई में एजेंसी ने 55 लाख रुपये की नकदी समेत 1.85 करोड़ रुपये के सोने के बुलियन, 1.95 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण और लगभग 100 किलोग्राम चांदी, जिसकी कीमत करीब 2.28 करोड़ रुपये आंकी गई है, उसे जब्त किया है। इसके साथ ही आरोपियों से जुड़े कई बैंक खातों को फ्रीज कर संदिग्ध वित्तीय लेनदेन की जांच तेज कर दी गई है। ईडी की यह कार्रवाई मंगल सेन मित्तल, अनिल शर्मा, उनके सहयोगियों और उनसे जुड़ी व्यावसायिक संस्थाओं के आवासीय एवं व्यावसायिक परिसरों पर की गई। जांच के दौरान ईडी ने विभिन्न डिजिटल साक्ष्य व दस्तावेज जब्त किए।

सूत्रों के अनुसार ईडी अब जब्त किए गए डिजिटल डेटा, बैंकिंग रिकॉर्ड और वित्तीय दस्तावेजों के आधार पर धन के स्रोत, उसके उपयोग और अंतिम लाभार्थियों का पता लगाने में जुटी है।



## खबर संक्षेप

### रुपया 27 पैसे टूटकर 95.65 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया सोमवार को 27 पैसे टूटकर अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95.65 (अस्थायी) पर रहा। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की



घोषणा के बाद रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच फिर से हुए ड्रोन तथा मिसाइल हमलों से तेल आपूर्ति को लेकर चिंताएं पैदा हुईं, जबकि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और मजबूत डॉलर के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा।

### ओएनजीसी ने दूसरे 'जियोथर्मल' कुएं की खुदाई पूरी की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने लद्दाख की पुगा घाटी में दूसरे भू-तापीय (जियोथर्मल) कुएं की खुदाई सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। इसके साथ ही भारत पहले प्रायोगिक जियोथर्मल बिजली संयंत्र की स्थापना की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ गया है। भू-तापीय ऊर्जा पृथ्वी की सतह के नीचे मौजूद प्राकृतिक ऊष्मा का उपयोग कर बिजली और तापीय ऊर्जा पैदा करती है।

### सीमेंस को मिला रेल्वे का 263 करोड़ का बड़ा ठेका

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी सीमेंस लिमिटेड को उत्तराखंड की ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना के लिए रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) से 263 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस ठेके के तहत कंपनी 'ओवरहेड' रेल विद्युतीकरण प्रौद्योगिकियों की आपूर्ति करेगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### जून माह में निर्यात बढ़कर 40.41 अरब डॉलर रहा

# देश का निर्यात जून में 15.5 प्रतिशत बढ़ा व्यापार घाटा पांच माह के उच्च स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का निर्यात जून महीने में सालाना आधार पर 15.5 प्रतिशत बढ़कर 40.41 अरब डॉलर रहा। इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर पांच महीने के उच्च स्तर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

**व्यापार घाटा बढ़कर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंचा**

मुख्य रूप से कच्चे तेल के दाम में तेजी से व्यापार घाटा बढ़ा है।

कच्चे तेल का आयात आलोच्य महीने में 40 प्रतिशत बढ़कर 19.32 अरब डॉलर रहा। देश का कुल वस्तु आयात 31 प्रतिशत बढ़कर 70.84 अरब डॉलर रहा। जून के पहले पखवाड़े में, तेल की कीमत लगभग 90 डॉलर प्रति बैरल थी। अब यह 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई है। पिछले महीने कीमती धातुओं, इलेक्ट्रॉनिक्स और मशीनरी के आयात ने भी देश के आयात बिल को बढ़ाया।

**कच्चे तेल के दाम में तेजी से व्यापार घाटा बढ़ा है**

#### इलेक्ट्रॉनिक्स आयात 58.77 प्रतिशत बढ़ा

आलोच्य महीने में इलेक्ट्रॉनिक्स आयात 58.77 प्रतिशत बढ़कर 13.4 अरब डॉलर, मशीनरी 30.9 प्रतिशत बढ़कर 5.8 अरब डॉलर और और सोने का आयात सात प्रतिशत बढ़कर लगभग दो अरब डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में निर्यात 15.92 प्रतिशत बढ़कर 129.32 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 19.89 प्रतिशत बढ़कर 216.18 अरब डॉलर हो गया।



#### सोने का आयात बढ़कर 11.01 अरब डॉलर

वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सोने का आयात बढ़कर 11.01 अरब डॉलर रहा जो पिछले साल अप्रैल-जून तिमाही में 7.49 अरब डॉलर था। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने आंकड़ों के बारे में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स, लौह अयस्क, हस्तशिल्प, मांस और डेयरी उत्पादों जैसे क्षेत्रों में भारत के निर्यात में अच्छी वृद्धि है।

#### जून में सेवाओं का निर्यात 33.03 अरब डॉलर रहा

अमेरिका-ईरान संघर्ष ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले मालवाहक जहाजों की आवाजाही को प्रभावित किया है। इस बीच, सरकारी अनुमानों के अनुसार, जून में सेवाओं का निर्यात 33.03 अरब डॉलर और आयात 17.92 अरब डॉलर रहा। भारत का अमेरिका को निर्यात जून में 1.21 प्रतिशत घटकर 8.17 अरब डॉलर रहा।

#### चीन को भारत से वस्तु निर्यात बढ़ा

चीन को भारत से वस्तु निर्यात चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान 27.54 प्रतिशत बढ़कर 5.6 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 27.94 प्रतिशत बढ़कर 38.04 अरब डॉलर रहा। इसी तरह, पिछले महीने सिंगापुर को निर्यात सालाना आधार पर 48.91 प्रतिशत बढ़कर 1.44 अरब डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान, निर्यात 101.16 प्रतिशत बढ़कर 6.51 अरब डॉलर पहुंच गया।

#### भारत का इन देशों को निर्यात बढ़ा

भारत ने इस अवधि के दौरान संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, ब्रिटेन, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, तंजानिया, ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया, श्रीलंका, इटली और वियतनाम को भी निर्यात में भी वृद्धि दर्ज की है। हालांकि, जून में सऊदी अरब और फ्रांस को निर्यात में गिरावट आई।

### इंटरनेशनल फिजिक्स ओलम्पियाड

## 4 गोल्ड मेडल एलन स्टूडेंट्स को



**कोटा।** कोलंबिया के बुकारामांगा में 4 से 12 जुलाई तक आयोजित 56वें इंटरनेशनल फिजिक्स ओलंपियाड 2026 (आईपीएचओ 2026) के फाइनल में भारतीय टीम में शामिल सभी पांचों स्टूडेंट्स ने गोल्ड मैडल हासिल किए है। इन पांच में से चार मैडल्स एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने प्राप्त किए हैं। स्टूडेंट्स के इस प्रदर्शन के आधार पर 87 देशों में भारत प्रथम पायदान पर रहा है। गोल्ड मैडल प्राप्त करने वाले सभी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट्स हैं, इसमें कनिष्क जैन, रिद्धेश बेंडाले, ऋषित गर्ग एवं स्वरित जोशी शामिल हैं। एलन के सीईओ नितिन कुकरेजा ने सभी स्टूडेंट्स को बेहतर प्रदर्शन पर बधाई देते हुए कहा कि एलन स्टूडेंट्स हर क्षेत्र में बेहतर परिणाम दे रहे हैं। इस वर्ष पहले बड़े इंटनेशनल ओलम्पियाड में 5 में से 4 एलन स्टूडैंट्स को गोल्ड मैडल्स मिलना उत्साहजनक है। ये परिणाम देश की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती साख को प्रदर्शित करते हैं। विभिन्न ऑफिशियल ओलम्पियाड्स में अब तक एलन स्टूडेंट्स 188 मैडल्स जीत चुके हैं। इसमें 90 गोल्ड मैडल शामिल हैं। ये एलन की अकेडमिक एक्सीलेंस को दर्शाता है।

## सोना 1,500 रुपये टूटकर 1.47 लाख रुपये पर, चांदी 2,000 रुपये कमजोर

**नई दिल्ली (भाषा)।** पश्चिम एशिया में अनिश्चितता बने रहने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 1,500 रुपये टूटकर 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं चांदी की कीमत भी 2,000 रुपये फिसल गई। स्थानीय बाजार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार के बंद भाव 1,48,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से 1,500 रुपये घटकर 1,47,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। चांदी की कीमत भी 2,000 रुपये घटकर 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी का भाव 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम था। कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गईं, जिससे महंगाई की चिंताएं बढ़ीं और डॉलर मजबूत हुआ।

**कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल से निवेशकों की धारणा बदली**

# शेयर बाजार शुरुआती गिरावट से उबरा, स्थिर रुख के साथ बंद




एजेंसी ▶▶| मुंबई

पश्चिम एशिया में तनाव गहराने के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल से सोमवार को निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई लेकिन निचले स्तर पर खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजार लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए।

विश्लेषकों के मुताबिक, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में मजबूती ने भू-राजनीतिक चिंताओं के असर को कुछ हद तक संतुलित किया, जिससे बाजार शुरुआती गिरावट से उबरने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 711.96 अंक टूटकर 76,857.43 अंक तक आ गया था। हालांकि, आईटी शेयरों में जबर्दस्त खरीदारी आने से यह गिरावट से उबरकर 219.9 अंक तक चढ़ गया, लेकिन अपनी बढ़त कायम नहीं रख सका। निफ्टी भी 4.10 अंक की हल्की बढ़त के साथ 24,211 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 5.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ सबसे अधिक लाभ में रही।

- निचले स्तर पर खरीदारी आने से बाजार स्थिर रुख के साथ बंद

#### बेंट क्रूड बढ़कर 78 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

दूसरी तरफ, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे शेयर नुकसान में रहे। पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.57 प्रतिशत बढ़कर 77.96 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

#### निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया

ऑनलाइन ट्रेडिंग फर्म एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर ने कहा, ''अमेरिका एवं ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य की तनावपूर्ण स्थिति के कारण तेल की आपूर्ति पर असर पड़ा है, जिससे कच्चे तेल के दाम बढ़े और निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।''

# वाहन क्षेत्र में जून तिमाही के दौरान हुए 20 बड़े सौदे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय वाहन क्षेत्र में वर्ष 2026 की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान हुए सौदों का कुल मूल्य 71.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले तीन साल का सबसे कम तिमाही लेनदेन है। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

ग्रांट थॉर्नटन भारत की नवीनतम 'ऑटोमोटिव डीलट्रैकर' रिपोर्ट में कहा गया है कि जून



तिमाही के दौरान वाहन क्षेत्र में कुल 20 सौदे हुए। हालांकि, सौदों की संख्या घटने के बावजूद सौदों का कुल मूल्य अपेक्षाकृत मजबूत बना रहा। तिमाही आधार पर कुल सौदा मूल्य में चार प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई। इसका बड़ा हिस्सा मुख्य रूप से परिवहन मंचों, वाहन प्रौद्योगिकी एवं पूंजी बाजार से जुड़े निवेश में केंद्रित रहा। ग्रांट थॉर्नटन भारत के साझेदार और वाहन एवं इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र के प्रमुख साकेत मेहरा ने कहा, /''तिमाही के दौरान सौदों की संख्या में कमी आई, लेकिन निवेश उन कंपनियों पर केंद्रित रहा जो भविष्य के परिवहन परिदृश्य को आगे बढ़ा रही हैं।/''

#### सबसे बड़ा सौदा केपीआईटी टेक्नोलॉजीज ने किया

इस तिमाही का सबसे बड़ा सौदा केपीआईटी टेक्नोलॉजीज द्वारा इजराइल की साइबर सुरक्षा कंपनी साइमोटिव टेक्नोलॉजीज का 12 करोड़ डॉलर में अधिग्रहण रहा।

**GOVT. PRIMARY SCHOOL, KHANDA KHERI BLOCK HANSI-II (HISAR)**

**नकारा घोषित बिल्डिंग की बोली बारे सूचना**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला खांडा खेड़ी (12682) हांसी-II में नकारा घोषित विद्यालय के 4 कमरे व बरामदा की बोली की जानी प्रस्तावित है। इच्छुक सज्जन बोली में भाग लेने हेतु दिनांक 20.07.2026 को प्रातः 10.00 बजे विद्यालय में आकर बोली दे सकते हैं। बोलीदाता को 20,000/- रुपये (बीस हजार रुपये) नकद अग्रिम धरोहर राशि जमा करवानी होगी। सफल बोलीदाता को शेष राशि उसी दिन अथवा एक सप्ताह के अंदर-अंदर जमा करवानी होगी। बाकी नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/- मुख्य शिक्षक, राजकीय प्राथमिक पाठशाला, खांडा खेड़ी (12682) बास (हिसार)

**बैंकों के सीईओ के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की**

# बैंक प्रवासी भारतीयों को जोड़ने के लिए कदम उठाएं : सीतारमण

- वित्त मंत्री ने कहा, बैंक विदेशी मुद्रा जमा करने पर ध्यान दें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को बैंकों से कहा कि वे विदेशी मुद्रा जमा को और बढ़ाने के लिए प्रवासी भारतीयों को जोड़ने के लिए कदम उठायें। सीतारमण ने विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) जमा (एफसीएनआर-बी), बाह्य वाणिज्यिक उधारी और विदेशी मुद्रा कर्ज अदला बदली उपायों पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शुरुआती उत्साहजनक प्रतिक्रिया की सराहना की। वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, उन्होंने बैंकों से एनआरआई समुदाय तक अपनी पहुंच और बढ़ाने, नए तरह के जमा उत्पाद पेश करने और योजनाओं की बची हुई अवधि के दौरान जमा जुटाने की गति को बनाए रखने का आह्वान किया। बैठक के दौरान, मुख्य कार्यपालक अधिकारियों ने बताया कि बैंक एफसीएनआर (बी) जमा पर आकर्षक रिटर्न दे रहे हैं, जिसमें पांच साल की जमा राशि भी शामिल है।

**गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार**

(राज्य विधायिका अधिनियम 17 ऑफ 1995 द्वारा स्थापित)
एनएएसी 'ए+' ग्रेड प्रमाणित विश्वविद्यालय

**बी.टेक. (प्रथम वर्ष) और बी.टेक. (एलईईटी)-द्वितीय वर्ष प्रोग्राम (सत्र 2026-27) की रिक्त/छोड़ी गई सीटों के तहत प्रवेश हेतु संस्थान स्तरीय फिजिकल काउंसलिंग**

बी.टेक. (प्रथम वर्ष) और बी.टेक. (एलईईटी)-द्वितीय वर्ष प्रोग्राम की रिक्त/छोड़ी गई सीटों के तहत प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन सहित सत्र 2026-27 हेतु विस्तृत काउंसलिंग कार्यक्रम और अन्य जानकारी निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुरूप विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.gjust.ac.in** पर उपलब्ध होंगे।

| प्रोग्राम (एस) | ऑनलाइन आवेदन के प्रारम्भ की तिथि |
|---|---|
| बी.टेक. (प्रथम वर्ष) : | 14.07.2026 से |
| बी.टेक. (एलईईटी-द्वितीय वर्ष) : | 21.07.2026 से |

संवाद-1237/11/176/2027/47117/सी/88/6 दि. 13.07.26 कुलसचिव

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## इंडियनऑयल उत्तरी क्षेत्र एवं दिल्ली राज्य कार्यालय ने 'यमुना स्वच्छता अभियान' का नेतृत्व किया

**नई दिल्ली।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत इंडियनऑयल ने सराय काले खां स्थित यमुना तट पर 'यमुना स्वच्छता अभियान' का आयोजन किया। यह अभियान श्री हेमंत राठौड़, कार्यकारी निदेशक ,उत्तरी क्षेत्र एवं राज्य प्रमुख, दिल्ली राज्य कार्यालय के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस पहल में अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति उनकी सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर उत्तर-पूर्वी दिल्ली से सांसद माननीय श्री मनोज कुमार तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्री हेमंत राठौड़ ने माननीय सांसद का पौधा भेंट कर स्वागत किया, जो पर्यावरणीय स्थिरता एवं हरित भविष्य के प्रति इंडियनऑयल की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। माननीय सांसद एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में श्री राठौड़ ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता शपथ दिलाई, जिसके माध्यम से नदियों, सार्वजनिक स्थलों एवं अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने के सामूहिक संकल्प को दोहराया गया। सभा को संबोधित करते हुए माननीय श्री मनोज कुमार तिवारी ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में इंडियनऑयल के निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सभी से यमुना के संरक्षण और पुनर्जीवन के मिशन में पूरे मनोयोग से योगदान देने का आह्वान किया।



## दिल्ली मंडल के मोदीनगर रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित किया गया

**नई दिल्ली।** मोदीनगर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किया गया है। मोदीनगर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास 25.75 करोड़ रुपये के बजट से किया गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेलवे की एक प्रमुख परियोजना है। इस परियोजना का उद्देश्य संपर्क और पहुंच में सुधार के इरादे से देश भर के रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण करना है। कुल मिलाकर, अमृत भारत स्टेशन योजना एक महत्वपूर्ण पहल है जो भारत में रेलवे प्रणाली का उपयोग करने वाले लाखों लोगों को लाभान्वित करेगी। इस योजना की परिकल्पना यात्रियों को सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए की गई है। इससे यात्रियों का यात्रा अनुभव बेहतर होगा। इस परियोजना का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों को आसपास के क्षेत्रों से जोड़ना और यात्रियों को बेहतर पहुंच प्रदान करने के लिए इन क्षेत्रों का विकास करना है। इस योजना में संपर्क और पहुंच में सुधार के लिए सड़कों, फुटपाथों और अन्य बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। इन स्टेशनों का पुनर्विकास दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं के साथ-साथ यात्रियों की निर्बाध आवाजाही प्रदान करने की दृष्टि से किया गया है। स्टेशन भवन का नवीनीकरण किया गया है।




**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नारनौल**

रघुनाथपुरा खालड़ा स्थित हनुमान मंदिर पर उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय की देखरेख में दिनांक 25 जुलाई को तीन दुकानों (खिलौने, कॉस्मेटिक, ग्रोसरी, फुटवेयर) तथा झूलों की बोली लगाई जाएगी। दुकानों एवं झूलों की बोली में भाग लेकर खरीदने के इच्छुक व्यक्ति दिनांक 25 जुलाई को सुबह 10:00 बजे रघुनाथपुरा खालड़ा स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंचकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। बोली में भाग लेने के लिए 1 लाख रुपये सिक्योरिटी राशि जमा करवानी होगी। नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 9728774629

पीआरडीएच-1084/11/5023/2027/47137/88/6 दि. 13.07.26

## शब्द पहेली - 6286



**बाएँ से दाएँ**

1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**

1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

**शब्द पहेली- 6285 का हल**





## केंद्र सरकार प्रतिक्रियाओं की कर रही है जांच

# व्हाट्सएप-टेलीग्राम के यूजरनेम फीचर पर सरकार सख्त, जल्द तय होंगे नए नियम



**यूजरनेम आधारित मैसेजिंग सुविधाओं पर जारी हुए थे नोटिस**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने व्हाट्सएप और टेलीग्राम द्वारा उनके उपयोगकर्ता नाम आधारित मैसेजिंग सुविधाओं पर जारी किए गए नोटिसों पर प्रस्तुत प्रतिक्रियाओं की जांच कर रहा है, अधिकारियों ने संकेत दिया है कि कोई भी नियामक ढांचा सभी प्लेटफॉर्मों पर समान रूप से लागू होगा। सोमवार को एक साइबर सुरक्षा रिपोर्ट के लॉन्च के मौके पर बोलते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस कृष्णन ने कहा कि मंत्रालय को वाट्सएप की प्रतिक्रिया मिली थी और कार्रवाई के अगले पाठ्यक्रम पर निर्णय लेने से पहले ही इसकी समीक्षा की जा रही थी। मंत्रालय ने पहले व्हाट्सएप-टेलीग्राम और सिग्नल को यह चिंता जताते हुए नोटिस जारी किया था कि उपयोगकर्ता नाम-आधारित मैसेजिंग, जो उपयोगकर्ताओं के फोन नंबर का खुलासा किए बिना संवाद की अनुमति देता है, पहचान की चोरी, फिशिंग और डिजिटल गिरफ्तारी को आसान बना सकता है। सरकार ने अपने अगले कदम तय करने से पहले इन प्रणालियों में निर्मित सुरक्षा उपायों का विवरण मांगा। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि केंद्र अलग-अलग सेवाओं को अलग-अलग विनियमित करने के बजाए सभी प्लेटफॉर्मों पर उपयोगकर्ता नाम-आधारित संदेश के लिए सामान्य मानकों की दिशा में काम कर रहा है। मानक और नियम उपयोगकर्ता नाम पर सभी के लिए होंगे। यह संकेत देते हुए कि भविष्य में कोई भी नियामक ढांचा सभी मैसेजिंग सेवाओं पर समान रूप से लागू होगा।

## बिना शर्त माफी मांगने की चेतावनी

# भाजपा ने सीएम उमर को भेजा 100 करोड़ का मानहानि नोटिस



**विधायकों को तोड़ने लालच देने का लगाया था आरोप**

**जम्मू (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को कथित तौर पर झूठे और मानहानिकारक आरोप लगाने के मामले में 100 करोड़ रुपए का कानूनी नोटिस भेजा है। जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद सतपाल शर्मा की ओर से अधिवक्ता परिमोक्ष सेठ द्वारा जारी इस नोटिस में मुख्यमंत्री से 7 दिनों के भीतर अपने आरोप वापस लेने और बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगने को कहा गया है। दरअसल, उमर अब्दुल्ला ने 11 जुलाई 2026 को श्रीनगर में आरोप लगाया था कि भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी (जो सुप्रीम कोर्ट में वकील भी हैं) ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के विधायकों को पार्टी बदलने के लिए 20 से 30 करोड़ रुपए और मंत्री पद का लालच दिया था।

# कोयला घोटाला : अदालत ने पूर्व सांसद विजय दर्डा व अन्य के खिलाफ ईडी के मामले को खारिज किया

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने महाराष्ट्र के बांदर कोयला खदान आवंटन में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के मामलों में पूर्व सांसद विजय दर्डा, उनके बेटे देवेंद्र दर्डा और अन्य के खिलाफ दर्ज शिकायत सोमवार को खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने यह फैसला पूर्व सांसद विजय जवाहरलाल दर्डा, उनके बेटे देवेंद्र कुमार दर्डा , एएमआर आयरन एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड, मनोज कुमार जायसवाल और अन्य लोगों की उन अर्जियों पर सुनाया, जिसमें उनके खिलाफ चल रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्यवाही को 'समाप्त' करने का अनुरोध किया गया था। अदालत ने रेखांकित किया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोप लगाया था कि एएमआर की ओर से जायसवाल ने विजय दर्डा को 24.60 करोड़ रुपये गैर-कानूनी तौर पर दिए थे, जिसे ईडी ने इस मामले में 'अपराध से हुई कमाई' माना। फैसले में कहा गया कि सीबीआई के आरोपों को अदालत ने इस साल 27 मार्च को खारिज कर दिया था और कोयला खदान आवंटन के सबसे पुराने लंबित मामले में पूर्व सांसद और अन्य लोगों को बरी कर दिया था।



अदालत ने कहा कि भले ही धनशोधन का अपराध मूल अपराध से स्वतंत्र और अलग है, लेकिन इस अपराध का अस्तित्व उक्त मूल अपराध और उससे कमाई के होने पर ही निर्भर करता है। इसमें कहा गया, ''एक बार जब आरोपी को तय अपराध के मामले में बरी कर दिया जाता है, तो अपराध से हुई किसी भी कमाई के अस्तित्व का सवाल ही नहीं उठता।'' अदालत ने उच्चतम न्यायालय के उस आदेश का संदर्भ दिया, जिसके अनुसार मुख्य अपराध में आरोपी के बरी होने या आरोप से मुक्त होने के बाद, धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत धनशोधन मामले में कोई कार्यवाही आगे नहीं बढ़ाई जा सकती।

## खबर संक्षेप

### एसयूवी ट्रक से टकराई 5 की मौत, 3 घायल

**जयपुर।** राजस्थान के बालोतरा जिले में बाड़मेर-जोधपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार देर रात हुए



सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हादसा भाड़ियावास गांव के पास हुआ, जब तेज रफ्तार से जा रही एक एसयूवी आगे चल रहे ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई।

### ट्रक में घुसी स्कॉर्पियो 3 की मौत, 9 घायल

**कानपुर।** कानपुर में सोमवार सुबह 6 बजे नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक में स्कॉर्पियो जा घुसी। हादसे में



भाई-बहन समेत 3 की मौके पर मौत हो गई। 9 लोग गंभीर घायल हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार के पार्ट्स 15-20 फीट दूर तक बिखर गए। उसकी छत उड़ गई। स्कॉर्पियो में सवार लोग अंदर फंस गए।

### भोजशाला विवादः सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार

**नई दिल्ली।** धार जिले के ऐतिहासिक और विवादित भोजशाला परिसर मामले में सुप्रीम



कोर्ट सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। शीर्ष अदालत मप्र हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विचार करेगी, जिसमें इस परिसर को देवी सरस्वती का मंदिर घोषित किया गया था।

### क्रिप्टोकरेंसी : 55.50 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के मामले के तहत 55.50 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क कर ली हैं। ईडी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कुर्की की कार्रवाई में बैंक जमा राशि और मुंबई स्थित 12 से अधिक दुकानें व फ्लैट शामिल हैं। ईडी के अनुसार, ये संपत्तियां ज्यूरिया सर्विसेज क्लब इंडिया, वीवा कार्ड रिटेल सर्विसेज, सुभाषचंद्र रामरतन ज्यूरिया और चिराग रामरतन ज्यूरिया से संबंधित हैं।

## पॉक्सो एक्ट के दुरुपयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

**किशोरों के आपसी सहमति वाले रिश्तों में एक्ट का दुरुपयोग हो रहा**

# इज्जत बचाने के लिए माता-पिता दर्ज कराते हैं आपराधिक केस

सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त लहजे में सवाल किया कि कोई राज्य किसी लड़के और लड़की को भागने से कैसे रोक सकता है? पॉक्सो एक्ट बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न और शोषण को रोकने के लिए है। 15 से 18 साल की उम्र एक संवेदनशील उम्र होती है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर किशोरों के आपसी सहमति से बने रिश्तों में पॉक्सो एक्ट के गलत इस्तेमाल पर गंभीर चिंता जताई है। जस्टिस बीवी नागरथना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि जब टीनेज लड़कियां अपने पार्टनर्स के साथ परिवार वालों के बिना अनुमति के शादी करने लेतीं हैं, तो माता-पिता अक्सर अपनी तथाकथित 'इज्जत' बचाने के लिए आपराधिक मामले दर्ज करा देते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त लहजे में सवाल किया कि कोई राज्य किसी लड़के और लड़की को भागने से कैसे रोक सकता है? पॉक्सो एक्ट बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न और शोषण को रोकने के लिए है। 15 से 18 साल की उम्र एक संवेदनशील उम्र होती है, क्या ऐसे मामलों को सच में पॉक्सो के तहत लाना सही है? बता दें कि यह सुनवाई किशोरों के 'निजता के अधिकार' को लेकर कोर्ट द्वारा खुद शुरू किए गए एक मामले पर हो रही थी। दरअसल, कुछ समय पहले कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक विवादित टिप्पणी करते हुए कहा था कि किशोर लड़कियों को रिश्तों में पड़ने के बजाय अपनी इच्छाओं पर काबू रखना चाहिए।

**मामले में अगली सुनवाई 17 जुलाई को**



कोर्ट ने सरकार को व्यावहारिक समाधान निकालने के दिए निर्देश

### स्कूल से ही जागरूक करेंगेः केंद्र

केंद्र सरकार के वकील ने कोर्ट को बताया कि इस समस्या से निपटने के लिए एक बड़ा प्लान तैयार किया गया है। केंद्र सरकार के वकील के अनुसार कक्षा 6 से ही बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से पॉक्सो एक्ट और किशोर शिक्षा के बारे में जागरूक किया जाएगा। हालांकि जब वकील ने सुझाव दिया कि पॉक्सो मामलों की निगरानी के लिए केंद्र सरकार का एक डैशबोर्ड होना चाहिए, तो सुप्रीम कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया।

## काशी, मथुरा और संभल विवाद मामला

# हिंदू-मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता का प्रस्ताव ठुकराया, कहा- केस लड़कर फैसला चाहते

यूपी के तीन मंदिर-मस्जिद विवादों को लेकर हिंदू और मुस्लिम पक्ष ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। ये विवाद वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह और संभल की शाही जामा मस्जिद से जुड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन मामलों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए 'समाधान समारोह 2026' पहल के तहत लेटर भेजकर मध्यस्थता का प्रस्ताव दिया था और दोनों पक्षों से सहमति मांगी थी। किसी भी पक्ष ने इसके लिए सहमति नहीं दी। दोनों पक्षों ने कहा है कि वे अदालत में ही केस लड़कर फैसला चाहते हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट परिसर में 21 से 23 अगस्त तक 'समाधान समारोह' के तहत विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी।

### गोवध प्रतिबंध के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें तमिलनाडु में कहीं भी बकरीद या किसी अन्य दिन गाय या बछड़े के वध पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया था। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने तमिलनाडु सरकार द्वारा दायर स्पेशल लीव पिटिशन पर नोटिस जारी करते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया। राज्य सरकार ने मद्रास हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

## असम में विदेशी घोषित 27 लोगों को राहत हाईकोर्ट का फैसला रद्द

### सुप्रीम कोर्ट बोला नागरिकता का फैसला निष्पक्ष प्रक्रिया से हो

सुप्रीम कोर्ट ने असम के 27 लोगों को विदेशी घोषित करने से जुड़े मामलों में गुवाहाटी हाईकोर्ट के फैसले रद्द कर दिए। कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति की नागरिकता या विदेशी होने का फैसला निष्पक्ष, कानूनी और उचित प्रक्रिया के तहत ही होना चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि यह संविधान और कानून से जुड़ा बेहद महत्वपूर्ण विषय है। सभी मामले दोबारा सुनवाई के लिए फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल को भेज दिए गए है।

### अंतिम फैसला ट्रिब्यूनल करेगा

फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल सभी मामलों की नए सिरे से सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान वह अपने पहले के आदेश या गुवाहाटी हाईकोर्ट की टिप्पणियों से प्रभावित हुए बिना स्वतंत्र रूप से फैसला देगा। यह नहीं है कि अपीलकर्ताओं को नागरिकता मिल गई है।

## लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे राष्ट्र को समर्पित

# राजनाथ, गडकरी और सीएम योगी ने किया लोकार्पण, 40 मिनट लगेंगे

**तेज रफ्तार कनेक्टिविटी से बदलेगी यूपी की तस्वीर, विकास और निवेश को मिलेगी नई गति**



हरिभूमि न्यूज ▸▸ लखनऊ

यूपी को एक बड़ी सौगात मिली, जब 63 किमी लंबे लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और सीएम योगी आदित्यनाथ ने संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। करीब 4,200 करोड़ की लागत से तैयार इस आधुनिक एक्सप्रेसवे के शुरू होने से लखनऊ और कानपुर के बीच यात्रा का समय घटकर लगभग 30 से 40 मिनट रह जाएगा। यह परियोजना प्रदेश की सड़क कनेक्टिविटी, उद्योग, व्यापार और निवेश को नई गति देने वाली मानी जा रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह एक्सप्रेसवे यूपी की आर्थिक प्रगति, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में अहम भूमिका निभाएगा तथा लोगों को तेज, सुरक्षित और सुविधा वाली यात्रा का लाभ मिलेगा।

### उद्योग को होगा बड़ा लाभः गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे के लोकार्पण समारोह को यूपी के बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेसवे केवल दो शहरों को जोड़ने वाली सड़क नहीं, बल्कि प्रदेश के औद्योगिक, व्यापारिक और आर्थिक विकास का नया द्वार है। 63 किमी लंबा छह लेन का एक्सप्रेसवे आधुनिक तकनीक से तैयार किया गया है और यह देश का पहला बैरियर-फ्री एक्सप्रेसवे है। यहां टोल प्लाजा पर वाहनों को रुकना नहीं पड़ेगा। एक्सप्रेसवे पर इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, एआई आधारित निगरानी, स्पीड रडार, सीसीटीवी कैमरे, इमरजेंसी कॉल बॉक्स की सुविधाएं दी गई हैं।

### विश्वस्तरीय संरचना का हो रहा विकासः सीएम

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि नए एक्सप्रेसवे और राष्ट्रीय राजमार्ग प्रदेश को देश की सबसे मजबूत कनेक्टिविटी वाले राज्यों में शामिल कर रहे हैं। सीएम ने इसे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने वाला महत्वपूर्ण कदम बताते हुए केंद्र सरकार, विशेष रूप से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया ।

## वारी शोभायात्रा के दौरान हादसा

# ट्रक ने 7 महिलाओं को रौंदा, 3 की मौत, 5 लाख देने का ऐलान

एजेंसी ▸▸ पुणे

महाराष्ट्र के पुणे जिले में वारी शोभायात्रा के दौरान एक ट्रक की चपेट में आने से भगवान विठ्ठल की 3 महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई। इस हादसे में 4 अन्य महिलाएं घायल हो गईं। पजांच में पता चला है कि 70 वर्षीय ट्रक चालक की तबीयत खराब थी। वह बुखार तथा सर्दी की दवा ले रहा था। पुलिस के अनुसार, दूसरे वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश के दौरान ट्रक अचानक बाईं ओर मुड़ गया और महिलाओं को कुचल दिया। सीएम



देवेंद्र फडणवीस ने हादसे में तीन वारकरी श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। यह हादसा सुबह करीब साढ़े आठ बजे बेलसर टोल प्लाजा से जेजुरी की ओर करीब 500 मीटर आगे एक होटल के पास हुआ।

## राहुल गांधी का सरकार पर आरोप

# शिक्षा व्यवस्था 'वसूली का तंत्र' बनी, क्रांति का समय

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत की शिक्षा



व्यवस्था अब 'बेईमान वसूली का तंत्र' बन गई है। अब शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने का समय आ गया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मोदी सरकार और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने चुप्पी साध ली है। उन्होंने कहा कि दोनों ने जवाबदेही से मुंह मोड़ लिया है। राहुल गांधी ने एक पोस्ट में लिखा कि भ्रष्ट, अन्यायी, पक्षपाती, बेईमानी- ये चार शब्द मेरे नहीं, ये देश के छात्र आज भारत की शिक्षा व्यवस्था के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। सच यही है कि भारत की शिक्षा व्यवस्था अब एक बेईमान वसूली तंत्र बन चुकी है। जो व्यवस्था बच्चों के भविष्य को तैयार करने के लिए बनी थी, वो आज उन्हें और उनके परिवार को कर्ज, तनाव और निराशा में धकेल रही है। इसी भ्रष्टाचार ने पेपर लीक माफिया को जन्म दिया, जो तैयारी कर रहे छात्रों की की मेहनत पर पानी फेर रहे।

## असम में सीएम सरमा बुलडोजर पर हुए सवार



**10 दिनों में नष्ट करेंगे 472 करोड़ की ड्रग्स**

**नलबाड़ी।** असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने राज्य भर में जब्त की गई 472 करोड़ रुपए मूल्य की ड्रग्स को 10 दिनों में नष्ट करने का अभियान शुरू किया। नलबाड़ी जिले में इस अभियान की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि असम को नशामुक्त बनाने के लिए राज्य मादक पदार्थों के मामलों से निपटने में निर्दयी रुख अपनाएगा। सीएम सरमा ने घोषणा की कि असम पुलिस की ओर से जब्त की गई 472 .51 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की दवाओं को अगले 10 दिनों में नष्ट कर दिया जाएगा।

**ममता के एक और फैसले को शुभेंदु ने पलटा**

# 'खेला होबे' की जगह अब 'आयुष्मान दिवस' 16 अगस्त को मनाया जाएगा

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी ने घोषणा की कि उनकी सरकार केंद्र सरकार की जन स्वास्थ्य बीमा योजना के सम्मान में 16 अगस्त को 'आयुष्मान दिवस' के रूप में मनाएगी। यह कदम पिछली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार द्वारा मनाए जाने वाले 'खेला होबे दिवस' की परंपरा को समाप्त करेगा। यह दिन राज्य में शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने का भी प्रतीक होगा।

- सरकार के 100 दिन पूरे होंगे



### 16 अगस्त 'काला दिन'

सीएम ने कहा कि 16 अगस्त कोलकाता के इतिहास का एक काला दिन है, क्योंकि इसी तारीख को सुहरावर्दी के नेतृत्व में 'ग्रेट कलकत्ता किलिंग्स' हुई थी। वे 16 अगस्त 1946 को 'डायरेक्ट एक्शन डे' का जिक्र कर रहे थे। दंगे में करीब 4,000 लोग मर गए थे।

### सुरक्षा के तहत प्रतिबंध

सीएम ने कहा कि देश की सुरक्षा और कोलकाता अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा हमारे लिए सबसे पहले है। कोलकाता हवाई अड्डे की भौगोलिक स्थिति बेहद संवेदनशील है क्योंकि इसके पास ही चीन और बांग्लादेश की सीमाएं हैं। ऐसी स्थिति में इसकी सुरक्षा जरूरी है।

## मंत्री नितेश राणे ने आमिर खान की तीसरी शादी पर कसा तंज

**ऐसे एक्टर्स को बड़ा बनाने से पहले सोचें**

# वे तो लव जिहाद के ब्रांड एंबेसडर हिंदू समाज इस बारे में चिंता करे

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्टर आमिर खान ने हाल ही में गौरी स्प्रैट के साथ सादगी से रजिस्टर्ड मैरिज की। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और भाजपा विधायक नितेश राणे ने इस पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या इसे 'लव जिहाद' का मामला माना जाना चाहिए या नहीं, इस पर चर्चा धीरे-धीरे जोर पकड़ रही है। उन्होंने कहा कि जब सेलिब्रिटीज अपनी पर्सनल लाइफ में ऐसे फैसले लेते हैं, तो हिंदू समाज को इस बारे में सोचना चाहिए। यह मेरी राय है। लव जिहाद का ब्रांड एंबेसडर कौन है? क्या आमिर खान ऐसा नहीं बन रहे हैं? जो हिंदू युवा उनकी फिल्में देखते हैं, उन्हें ऐसे एक्टर्स को बड़ा बनाने से पहले सोच-समझकर सोचना चाहिए।



नितेश राणे — आमिर तीसरी शादी करते हुए

### यह उनका व्यक्तिगत मामलाः पेडणेकर



शिवसेना (यूबीटी) नेता और पूर्व मेयर किशोरी पेडणेकर ने भी इस मामले पर कहा कि आमिर खान की फिल्में देखना या नहीं देखना, इसका फैसला लोगों को ही करना चाहिए। कोई हिंदू लड़की यह जानती है कि जिससे वह शादी कर रही है, उसकी दो शादियां पहले से हो चुकी हैं, तो यह उन दोनों का व्यक्तिगत मामला हो गया।

**आप में क्षमता है तो करोः पठान**



महाराष्ट्र विधानसभा के पूर्व सदस्य और एआईएमआईएम के प्रवक्ता वारिस पठान ने कहा कि अगर कोई इंसान अपनी पसंद से शादी करना चाहता है तो दिक्कत क्या है? किसी को कोई दिक्कत नहीं है तो आपको क्या दिक्कत है? उनकी क्षमता है, उन्होंने किया। अगर आपके अंदर भी क्षमता है तो आप भी करो।

### बाबा रामदेव बोले- हम सभी के पूर्वज सनातनी

योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा है कि 'हिंदू राष्ट्र' की अवधारणा से किसी को भी डरने की कोई जरूरत नहीं है। हम सभी के पूर्वज सनातनी हिंदू



आर्य-वैदिक थे। ये बिल्कुल साफ लिखा है। कुछ लोग पूछते हैं कि अगर हिंदू राष्ट्र बन गया, तो मुस्लिम कहां जाएंगे? बस अपने पूर्वजों की परंपराओं को अपना लीजिए। आप दाढ़ी रखें या कटवा लें, अपनी पसंद की कोई भी पोशाक पहनें, लेकिन अपना चरित्र अपने पूर्वजों जैसा रखें। हिंदुस्तान में मुसलमानों या ईसाइयों के लिए कोई खतरा नहीं है।

चिंतन

# अर्थव्यवस्था के लिए नई चुनौती बढ़ती महंगाई

देश में बढ़ती महंगाई एक बार फिर चिंता का विषय बन गई है। जून में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.38 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह लगातार छठा महीना है, जब महंगाई में वृद्धि दर्ज की गई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जनवरी 2025 के बाद पहली बार महंगाई भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4 प्रतिशत के मध्य लक्ष्य को पार कर गई है। यद्यपि यह अभी भी आरबीआई के 2 से 6 प्रतिशत के सहनशीलता दायरे में है, लेकिन लगातार बढ़ती महंगाई भविष्य के लिए गंभीर संकेत दे रही है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो इसका असर केवल आम आदमी की जेब तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देश की आर्थिक विकास दर भी प्रभावित हो सकती है। महंगाई का सबसे बड़ा कारण इस बार खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी है। आलू, प्याज, टमाटर, अदरक जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं लगातार महंगी हो रही हैं। इन वस्तुओं का सीधा संबंध आम परिवार की रसोई से है। जब भोजन महंगा होता है तो सबसे अधिक बोझ मध्यम और निम्न आय वर्ग पर पड़ता है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ऊर्जा बाजार की अनिश्चितता के कारण कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका बनी हुई है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में तेल महंगा होने से परिवहन, उद्योग और उत्पादन लागत बढ़ती है, जिसका बोझ अंततः उपभोक्ता पर ही पड़ता है। दूसरी ओर अल नीनो के प्रभाव और मानसून को लेकर बनी अनिश्चितता भी चिंता बढ़ा रही है। यदि वर्षा सामान्य से कम रहती है तो कृषि उत्पादन प्रभावित होगा और खाद्य महंगाई और तेज हो सकती है। महंगाई बढ़ने का एक बड़ा असर मौद्रिक नीति पर पड़ता है। यदि मूल्य वृद्धि लगातार बनी रहती है तो आरबीआई को रेपो रेट बढ़ाने का विकल्प अपनाना पड़ सकता है। रेपो रेट बढ़ने का मतलब है कि बैंकों के लिए धन जुटाना महंगा होगा और वे होम लोन, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण तथा उद्योगों को दिए जाने वाले कर्ज की ब्याज दरें बढ़ा देंगे। इससे निवेश और खपत दोनों प्रभावित होंगे। उद्योगों का विस्तार धीमा पड़ सकता है और रोजगार सृजन की रफ्तार भी कम हो सकती है। अर्थात महंगाई पर नियंत्रण के लिए उठाया गया कदम आर्थिक विकास की गति को भी प्रभावित कर सकता है। यही कारण है कि आरबीआई के सामने महंगाई और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने की कठिन चुनौती है। सरकार के लिए भी यह समय सतर्क रहने का है। ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देकर आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करना भी दीर्घकालिक समाधान का हिस्सा होना चाहिए। केवल ब्याज दरों के सहारे महंगाई पर नियंत्रण संभव नहीं है; इसके लिए उत्पादन, आपूर्ति और बाजार प्रबंधन को समान रूप से मजबूत करना होगा। यह भी ध्यान रखना होगा कि भारत की अर्थव्यवस्था आज वैश्विक परिस्थितियों से पहले की तुलना में कहीं अधिक जुड़ी हुई है। इसलिए आर्थिक नीति को केवल वर्तमान महंगाई तक सीमित न रखकर भविष्य के संभावित जोखिमों को ध्यान में रखते हुए तैयार करना होगा। मूल्य स्थिरता, खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा को समान प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। महंगाई का मुकाबला केवल आंकड़ों से नहीं, बल्कि प्रभावी नीतियों और मजबूत इच्छाशक्ति से किया जा सकता है। सरकार और आरबीआई के बीच बेहतर तालमेल, कृषि एवं ऊर्जा क्षेत्र में सुधार, मजबूत आपूर्ति व्यवस्था और बाजार की पारदर्शिता ही इस चुनौती का स्थायी समाधान है।



विदेश दौरे
अखिलेश आर्येन्दु

# पीएम की यात्रा ने साधे कई लक्ष्य

प्रधानमंत्री मोदी की इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा कई नजरिए से सफल कही जानी चाहिए। यह भी कह सकते हैं कि अब तक के उनके सभी सफल विदेश दौरों में यह दौरा भी कई नजरिए से बेहद सफल और देशहित में मील का पत्थर साबित हुआ है, क्योंकि तीनों देशों से ताल्लुकात ही बेहतर नहीं हुए, बल्कि आपसी विश्वासनीयता भी बढ़ी है। यदि हम मोदी की मई में हुई पांच देशों की विदेश यात्राओं पर नजर घुमाएं तो साफ दिखता है कि जिस तरह उनकी पिछली विदेश यात्राएं देशहित में रहीं, उसी तरह 6 जुलाई से 11 जुलाई तक की 6 दिवसीय यात्रा भी कई नजरिए से बेहद सफल और उपलब्धियों भरी रही। पिछले दस वर्षों में भारत की साख, सम्मान, प्रतिष्ठा और विश्वासनीयता बढ़ी है।

प्रधानमंत्री मोदी की इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा कई नजरिए से सफल कही जानी चाहिए। यह भी कह सकते हैं कि अब तक के उनके सभी सफल विदेश दौरों में यह दौरा भी कई नजरिए से बेहद सफल और देशहित में मील का पत्थर साबित हुआ है, क्योंकि तीनों देशों से ताल्लुकात ही बेहतर नहीं हुए, बल्कि आपसी विश्वासनीयता भी बढ़ी है। यदि हम मोदी की मई में हुई पांच देशों की विदेश यात्रा पर नजर घुमाएं तो साफ दिखता है कि जिस तरह पिछली विदेश यात्राएं उनकी देशहित में रहीं, उसी तरह 6 जुलाई से 11 जुलाई तक की 6 दिवसीय यात्रा भी कई नजरिए से बेहद सफल और उपलब्धियां भरी रही। जिन क्षेत्रों में इंडोनेशिया, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से सहमतियां, समझौते और शिक्षा-सुरक्षा संबंधी साझेदारी हुई, उनमें सैन्य निर्यात, ऊर्जा सुरक्षा, कृषि-डेयरी और व्यापार विस्तार की साझेदारी के लिहाज से बेहद सफल और ऐतिहासिक कह जाना चाहिए। इससे भारत को आने वाले दिनों में कई तरह के फायदे तो होंगे ही, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा पर बढ़ती चिंताओं को कम करना मुनासिब होगा। प्रधानमंत्री मोदी की हालिया विदेशी दौरे की शुरुआत इंडोनेशिया से हुई। जकार्ता पहुंचने पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो का मोदी की आगवानी और स्वागत अत्यंत आत्मीयतापूर्ण था। इससे दुनियाभर में यह संदेश गया कि मोदी आज भी दुनिया के सबसे प्रभावशाली राजनेताओं और नेतृत्व-कर्ताओं में पहले नंबर पर बरकरार हैं। जकार्ता में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ द्विपक्षीय वार्ता और 14 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें ब्रह्मोस मिसाइल सौदा बेहद महत्वपूर्ण था। इस महत्वपूर्ण सौदे से भारत के लिए तटीय रक्षा प्रणालियों को इंडोनेशिया को निर्यात करने का नया रास्ता खुल गया। इससे एक तीर से दो लक्ष्य साधे गए। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए समुद्री सूचनाओं को साझा करने और सुरक्षा बढ़ाने पर दोनों देशों में सहमति बनी। इसके तहत दोनों देश सांझा सैन्य अभ्यास करेंगे। दूसरी महत्वपूर्ण बात, ब्रह्मोस मिसाइल के निर्यात से भारत को रक्षा के क्षेत्र में आर्थिक फायदा होगा। इसके साथ ही, चीन के प्रभुत्व को संतुलित करने के लिए एक्ट ईस्ट पॉलिसी के तहत सबांग बंदरगाह के संयुक्त रणनीतिक विकास और समुद्री सुरक्षा पर बड़ा करार हुआ। दोनों देश एक सांस्कृतिक पटल से जुड़े हुए हैं। दोनों देशों के बीच खनिज-स्टील सप्लाई चेन को मजबूत करने पर भी सहमति बनी। इसी के साथ रेयर मैगनेट (दुर्लभ खनिज) पर भी डील हुई। एक और खास समझौता शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में हुआ, जिसके तहत भारत का प्रसिद्ध भारतीय प्रबंधन संस्थान बेंगलुरु (आईआईएम) इंडोनेशिया में नया कैंपस खोलने पर भी सहमति हुई। कुल 14 समझोतों से भारत और इंडोनेशिया के बीच संबंध ही बेहतर नहीं हुए, बल्कि एक दूसरे के प्रति सभी क्षेत्रों में विश्वासनीयता भी बढ़ी है। दोनों देशों के बीच मित्रता और विश्वासनीयता की दीवार कितनी मजबूत है और इंडोनेशिया की जनता और वहां की सरकार के नज़र में मोदी की छवि किस तरह की है, यह उन्हें मिले इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान से जाहिर होता है। इंडोनेशिया-भारत मैत्री कोई नई नहीं है, लेकिन केंद्र में मोदी सरकार के शासन के बाद दोनों देशों में एक



नए दौर और युग की शुरुआत हुई है। मोदी को मिला इंडोनेशिया का सर्वोच्च सम्मान उनकी लोकप्रियता का तकाजा है कि जब भी वे विदेशी दौरे पर जाते हैं, तब उन्हें उस देश का सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया जाता है। इंडोनेशिया का मिला सर्वोच्च सम्मान इसी लोकप्रियता की अगली कड़ी का हिस्सा है। अब जब कि दुनिया के तमाम देशों में कई मुद्दों को लेकर तनातनी का माहौल है, ऐसे में मोदी की विदेश यात्राएं उनकी लोकप्रियता और उनकी दुनिया के देशों से उनकी मैत्री के वजह से भारत को संभावित संकटों से उबरने में मददगार साबित हो रहीं हैं। इंडोनेशिया से दोस्ती की नई इबारत लिखने के बाद प्रधानमंत्री मोदी जकार्ता से चलकर 7 जुलाई को मेलबर्न आस्ट्रेलिया पहुंचे। आस्ट्रेलिया भारत के रिश्ते दशकों पुराने हैं। मोदी की इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य रक्षा, खनिज और परमाणु सहयोग को लेकर द्विपक्षीय समझौते हुए। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस के मध्य शिखर वार्ता हुई। बाद में दोनों देशों के मध्य अनेक क्षेत्रों में समझौते हुए। जिनमें असैन्य नाभिकीय ऊर्जा पर करार, खनिजों की सुरक्षित सप्लाई चेन का निर्माण प्रमुख है। इन समझोतों के तहत अब आस्ट्रेलिया भारत को यूरेनियम की आबाध आपूर्ति करेगा, यह भारत के लिए नाभकीय ऊर्जा आपूर्ति के मामले में मील के पत्थर की तरह है। इसके तहत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को सुरक्षित और खुला रखने के लिए दोनों सेनाओं के बीच सैन्य अंतर-संचालनीयता और समुद्री खुफिया जानकारी साझा करने पर हस्ताक्षर किए गए। आस्ट्रेलिया सरकार ने पहली बार भारत से खेल समझौते पर करार किए हैं। यह भारत और आस्ट्रेलिया को और करीब आने में मददगार साबित हो सकता है। मोदी का हालिया न्यूजीलैंड दौरा सफल और सार्थक रहा। मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ वार्ता के बाद दोनों देशों के रिश्तों को सीधे रणनीतिक साझेदारी में अपग्रेट किया गया। इस यात्रा के दौरान कुल 18 बड़े समझौते और नतीजे सामने आए। इससे भारत में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक विश्वानीय मित्र देश के रूप में न्यूजीलैंड की तमाम अवसरों, क्षेत्रों और विषयों में मदद मिलेगी, इसमें कोई संदेह की बात नहीं। महत्वपूर्ण यह नहीं है कि भारत-न्यूजीलैंड ने साथ-साथ कई क्षेत्रों में काम करने पर रजामंद हुए हैं, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि न्यूजीलैंड ने खुलकर विज्ञान और खगोल के क्षेत्र में सहयोगी मित्र की तरह काम करने की इच्छा जताई है। इससे भारत की समुद्री सीमाएं पहले से ज्यादा सुरक्षित हो सकेंगी। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती ताकत का सामना करने के लिए न्यूजीलैंड के साथ ये समझौते आने वाले वर्षों में मील के पत्थर भी साबित हो सकते हैं। इसी तरह इस समझौते से आर्थिक सहयोग मजबूत होंगे और सहयोग की नई संभावनाएं तलाशी जा सकेंगी। कृषि, पशुपालन और व्यापार के क्षेत्र में रोजगार और खादान को बढ़ावा मिलेगा। सांस्कृतिक संबंध नए सिरे से आगे बढ़ सकेंगे। आस्ट्रेलिया के जरिए यूरेनियम मिलने पर सहमति से भारत की शक्ति ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के साथ अन्य क्षेत्रों के लिए बेहद फायदेमंद होगा। इससे आने वाले वक्त में ऊर्जा की कमी से होने वाली तमाम रुकावटें दूर हो सकेंगी। प्रधानमंत्री मोदी का जिस तरह से दौरे वाले तीनों देशों में स्वागत किया गया, वह भारत की बढ़ती विश्व में साख और समृद्धि का प्रतीक है। पिछले दस वर्षों में भारत की जो साख, सम्मान, प्रतिष्ठा और विश्वासनीयता बढ़ी है, वह प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व, सफल विदेश नीति, रणनीति और भारत की दुनिया भर के देशों से हुए बेहतर संबंध के परिणाम हैं। मोदी की तीन देशों की यात्रा से एक बार फिर यह साबित हुआ है कि देश की समृद्धि, सुरक्षा, साख और बढ़ती ताकत मोदी के नेतृत्व में ही सुरक्षित है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पहल
अरविंद सैनी



# हाइड्रोजन ट्रेन से ग्रीन इंडस्ट्री का राष्ट्रीय केंद्र बनेगा हरियाणा

हरियाणा आज केवल औद्योगिक और कृषि क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीक और हरित विकास (ग्रीन डेवलपमेंट) के क्षेत्र में भी नई पहचान बनाने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। यदि विकास का अर्थ बेहतर सड़कें, मजबूत उद्योग और आधुनिक शहर हैं, तो अब उसका अगला चरण स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ परिवहन है। इसी सोच को साकार करने की दिशा में हाइड्रोजन ट्रेन एक ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आई है। तीन दिन बाद 17 जुलाई को हरियाणा के जींद से शुरू होने वाली हाइड्रोजन ट्रेन केवल एक नई रेल सेवा नहीं है, बल्कि यह विकसित हरियाणा और विकसित भारत के संकल्प का प्रतीक होगी। यह ट्रेन संदेश होगी कि भारत अब केवल नई तकनीकों का उपभोक्ता नहीं, बल्कि भविष्य की तकनीकों को अपनाने और विकसित करने वाला देश बन रहा है। आज पूरी दुनिया कार्बन उत्सर्जन कम करने और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रही है। ऐसे समय में हाइड्रोजन आधारित परिवहन व्यवस्था भारत को वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे ले जा सकती है। डीज़ल आधारित इंजनों की तुलना में हाइड्रोजन ट्रेन प्रदूषण को लगभग समाप्त कर देती है। इससे केवल जलवाष्प (वॉटर वेपर) निकलती है, जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहता है और वायु गुणवत्ता में सुधार होता है। हरियाणा लंबे समय से देश के औद्योगिक, कृषि और परिवहन मानचित्र पर अग्रणी राज्य रहा है।

अब हाइड्रोजन ट्रेन जैसी आधुनिक परियोजनाएं राज्य को ग्रीन मोबिलिटी का अग्रणी केंद्र बनाने की क्षमता रखती हैं। यह पहल केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे रोजगार, निवेश, तकनीकी अनुसंधान और नए उद्योगों के विकास के अवसर भी बढ़ेंगे। हाइड्रोजन ऊर्जा का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह भविष्य की ऊर्जा अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बन सकती है। यदि हरियाणा इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाता है, तो राज्य में हाइड्रोजन उत्पादन, भंडारण, परिवहन और रखरखाव से जुड़े अनेक नए उद्योग विकसित होंगे। इससे युवाओं के लिए उच्च तकनीकी रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और हरियाणा की नायब सैनी सरकार का लक्ष्य केवल नई ट्रेन चलाना नहीं है, बल्कि पूरे परिवहन तंत्र को पर्यावरण के अनुकूल बनाना है। सड़क, रेल और औद्योगिक क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग से आने वाले वर्षों में कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित वर्ष 2070 तक नेट ज़ीरो उत्सर्जन के राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। विकसित हरियाणा का सपना केवल आर्थिक समृद्धि तक सीमित नहीं है। इसका अर्थ ऐसा राज्य बनाना है जहाँ आधुनिक तकनीक, स्वच्छ पर्यावरण, बेहतर परिवहन, मजबूत उद्योग और युवाओं के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हों। हाइड्रोजन ट्रेन इन सभी उद्देश्यों को एक साथ जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी बन सकती है। हरियाणा के लिए यह अवसर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राज्य पहले ही ऑटोमोबाइल, विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। यदि हाइड्रोजन आधारित तकनीक का विस्तार होता है, तो हरियाणा ग्रीन इंडस्ट्री का राष्ट्रीय केंद्र बनने की दिशा में बड़ी छलांग लगा सकता है।

आज आवश्यकता केवल तकनीक अपनाने की नहीं, बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की भी है। हाइड्रोजन ट्रेन नई पीढ़ी को यह संदेश देती है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। आधुनिक भारत का विकास प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर ही संभव है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में हरियाणा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहने वाली है। यदि राज्य आधुनिक तकनीक, हरित ऊर्जा और नवाचार को इसी प्रकार अपनाता रहा, तो वह केवल देश का आर्थिक इंजन ही नहीं, बल्कि स्वच्छ और टिकाऊ विकास का भी राष्ट्रीय मॉडल बनेगा। हाइड्रोजन ट्रेन इस परिवर्तन की शुरुआत है। यह केवल रेल की नई पटरी पर दौड़ती हुई ट्रेन नहीं, बल्कि विकसित हरियाणा, आत्मनिर्भर भारत और स्वच्छ भविष्य की ओर बढ़ती नई सोच की तेज़ रफ्तार है। आने वाले वर्षों में यह पहल हरियाणा को हरित विकास, तकनीकी नवाचार और सतत प्रगति के नए शिखर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

(लेखक हरियाणा भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## 'धर्म और अध्यात्म' के अर्थ बदलते जा रहे



संकलित
दर्शन

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है- फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं, तब वे कैसे आमजन को अध्यात्म का गूढ़ अर्थ समझा सकने में सक्षम हो सकते हैं?

## सेवा भाव ना भूलें, क्षमाशील बनें



संकलित
प्रेरणा

एक राजा था, उसने 10 खूंखार जंगली कुत्ते पाल रखे थे। जिनका इस्तेमाल वह लोगों को उनके द्वारा की गयी गलतियों पर मौत की सजा देने के लिए करता था एक बार कुछ ऐसा हुआ कि राजा के एक पुराने मंत्री से कोई गलती हो गई। अतः क्रोधित होकर राजा ने उसे शिकारी कुत्तों के सम्मुख फिकवाने का आदेश दे डाला। सजा दिए जाने से पूर्व राजा ने मंत्री से उसकी आखिरी इच्छा पूछी। राजन! मैंने आज्ञाकारी सेवक के रूप में आपकी 10 सालों से सेवा की है... मैं सजा पाने से पहले आपसे 10 दिनों की मोहलत चाहता हूं। मंत्री ने राजा से निवेदन किया राजा ने उसकी बात मान ली। दस दिन बाद राजा के सैनिक मंत्री को पकड़ कर लाते हैं और राजा का इशारा पाते ही उसे खूंखार कुत्तों के सामने फेंक देते हैं। परंतु यह क्या कुत्ते मंत्री पर टूट पड़ने की बाजए अपनी पूंछ हिला-हिला कर मंत्री के ऊपर कूदने लगते हैं। राजा आश्चर्य से यह सब देख रहा था? वे इस तरह क्यों व्यवहार कर रहे हैं? आखिरकार राजा ने मंत्री से पूछा- ये कुत्ते तुम्हे काटने की बजाये तुम्हारे साथ खेल क्यों रहे हैं? राजन! मैंने आप से जो 10 दिनों की मोहलत ली थी, उसका एक-एक क्षण मैं इन बेजुबानो की सेवा करने में लगा दिया। ये कुत्ते खूंखार और जंगली होकर भी मेरे दस दिन की सेवा नहीं भुला पा रहे हैं परंतु खेद है कि आप प्रजा के पालक हो कर भी मेरी 10 वर्षों की स्वामीभक्ति भूल गए और मेरी एक छोटी सी त्रुटि पर इतनी बड़ी सजा सुन दी! राजा को अपनी भूल का एहसास हो चुका था, उसने तत्काल मंत्री को आज़ाद करने का हुक्म दिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**साइबर ठगी से बचाव की समझ ही सबसे बड़ी सुरक्षा**

देश में तेजी से बढ़ रही साइबर ठगी और फर्जी निवेश योजनाएं आज युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी हैं। बेरोजगारी और जल्दी अमीर बनने की चाह का फायदा उठाकर ठग नए-नए तरीके अपनाते हैं। हाल ही में वाराणसी में साइबर क्राइम पुलिस ने एक ऐसे अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया जिसने मल्टी लेवल मार्केटिंग और पिरामिड स्कीम के नाम पर एक हजार से अधिक युवाओं से करोड़ों रुपए की ठगी की। जांच में सामने आया कि मास्टरमाइंड के बैंक खातों में केवल सात महीनों के भीतर चार करोड़ रुपए से अधिक का लेनदेन हुआ। यह मामला बताता है कि साइबर ठगी अब केवल मोबाइल या इंटरनेट तक सीमित नहीं रही बल्कि संगठित नेटवर्क के रूप में युवाओं को अपना शिकार बना रही है।

*-विजय गौड़, सोनीपत*

### करंट अफेयर

## नेपाल में कवि भानुभक्त की 213वीं जयंती मनाई गई

नेपाल ने 19वीं सदी के कवि भानुभक्त आचार्य की जयंती सोमवार को विभिन्न आयोजनों के साथ मनाई। भानुभक्त ने वाल्मीकि रामायण का नेपाली भाषा में अनुवाद किया था। भानुभक्त आचार्य को नेपाली भाषा के पहले कवि के रूप में व्यापक रूप से सम्मान दिया जाता है। कवि की 213वीं जयंती के अवसर पर भानु प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रतिनिधि सभा के स्पीकर डोल कुमार आर्याल ने उन्हें नेपाली भाषा, साहित्य और संस्कृति का अग्रदूत बताया। आर्याल ने कहा कि रामायण का नेपाली भाषा में अनुवाद करके उन्होंने नेपाल के लोगों को धर्म, दर्शन, नीति और विचारधारा से परिचित कराया। उन्होंने कहा, 'भानुभक्त ने हमें रामायण दी और इसके माध्यम से नेपाली साहित्य को एक ऐसा महाकाव्य मिला, जो आज भी पीढ़ियों को प्रेरित कर रहा है।' एक अन्य कार्यक्रम में विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने कहा कि जहां राजा पृथ्वी नारायण शाह ने नेपाल के भू-भाग को एकजुट किया, वहीं भानुभक्त आचार्य ने भाषा और साहित्य के माध्यम से इसके लोगों को एक सूत्र में बांधा।



### ऑफ बीट

## ब्रह्मांड का केंद्र कहां है?

पृथ्वी पर, 'विस्तार'का मतलब है कि कुछ बड़ा हो रहा है। और ब्रह्मांड के संबंध में, यह सच है, कुछ हद तक। विस्तार का मतलब यह भी हो सकता है कि 'सब कुछ हमसे दूर होता जा रहा है', जो ब्रह्मांड के संबंध में भी सच है। दूर स्थित आकाशगंगाओं पर दूरबीन घुमाएं तो वे सभी हमसे दूर जाती हुई प्रतीत होंगी। इसके अलावा, वे



जितनी दूर होती हैं, उतनी ही तेजी से आगे बढ़ती हुई दिखाई देती हैं। वे आकाशगंगाएं एक-दूसरे से दूर होती हुई भी दिखाई देती हैं। इसलिए यह कहना अधिक सटीक होगा कि ब्रह्मांड में हर चीज़ एक साथ हर चीज़ से दूर होती जा रही है। यह विचार सूक्ष्म लेकिन महत्वपूर्ण है। इसलिए यह पूछना कि ब्रह्मांड का केंद्र कहां है, कुछ हद तक यह पूछने जैसा है कि गुब्बारे की सतह का केंद्र कहां है? ऐसा कोई केंद्र नहीं है। आप गुब्बारे की सतह पर किसी भी दिशा में, जितनी देर चाहें, यात्रा कर सकते हैं, और आप कभी भी ऐसी जगह पर नहीं पहुंचेंगे जिसे आप इसका केंद्र कह सकें क्योंकि आप वास्तव में सतह से कभी बाहर ही नहीं निकलेंगे। इसी तरह, आप ब्रह्मांड में किसी भी दिशा में यात्रा कर सकते हैं और कभी भी उसका केन्द्र नहीं पा सकेंगे, क्योंकि गुब्बारे की सतह की तरह, इसका भी कोई केन्द्र नहीं है।

### ट्रेंड

**भारत को मजबूती दे रहे**



जब चौतरफा विकास के साथ हर देशवासी के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित होता है, तब राष्ट्र की प्रगति को भी नई गति मिलती है। इसी प्रेरक भावना के साथ हम भारत के सामर्थ्य को निरंतर मजबूती देने में जुटे हुए हैं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

**राहुल ही चेहरा**



पंजाब की जनता के मन में कोई भी किंतु और परंतु नहीं है। पंजाब का मतदाता लोकसभा चुनाव की तरह ही विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी जी पर भरोसा कर रहा है। कांग्रेस पार्टी का पंजाब में एक ही चेहरा है, वो हैं राहुल गांधी। सभी कार्यकर्ता कांग्रेस को जिताने के लिए एकजुट हों। **-भूपेश बघेल,** कांग्रेस प्रभारी, पंजाब

**रथ यात्रा में भाग लेगी सरकार**



कोलकाता में हर साल कई रथ यात्रा समारोह आयोजित किए जाते हैं। हमारी सरकार ने इस वर्ष की रथ यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लेने का निर्णय लिया है। सरकार ने 60 प्रतिष्ठित रथ यात्रा समितियों को पांच-पांच लाख रुपये का अनुदान देने का फैसला किया है। **-शुभेंदु अधिकारी,** सीएम, पश्चिम बंगाल

**भाजपा का मॉडल बेनकाब**



भाजपा का 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) से डायरेक्ट वोट ट्रांसफर' का मॉडल पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। पार्टी चुनाव से पहले आर्थिक सहायता देकर मतदाताओं को लुभाती है और चुनाव जीतने के बाद इन योजनाओं को बंद कर देती है।" **-अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# चार दिग्गज टीमें, चार सुपरस्टार, सेमीफाइनल में होगा हाई-वोल्टेज मुकाबला

एजेंसी ▶▶| अटलांटा

फ्रांस जब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में स्पेन का सामना करेगा तो दिग्गज खिलाड़ी किलियन एमबाप्पे और युवा स्ट्राइकर लामिन यामल के बीच रोचक जंग देखने को मिल सकती है। इसी तरह से अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में दो अनुभवी खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी और हैरी केन आमने-सामने होंगे।

इस बार के सेमीफाइनल मैच कुछ मामलों में अनूठे हैं। चार पूर्व चैंपियन और दुनिया की चार शीर्ष रैंकिंग वाली टीमें अंतिम चार में पहुंची है। सर्वाधिक गोल करने वाले छह खिलाड़ियों में से पांच मैदान पर दिखाई देंगे। एक सर्वकालिक महान खिलाड़ी (मेस्सी) आकर्षण का केंद्र होगा। इसके अलावा फुटबॉल की सबसे कड़वी प्रतिद्वंद्विताओं में से एक भी सेमीफाइनल में देखने को मिलेगी।

### आज फ्रांस और स्पेन और कल इंग्लैंड बनाम अर्जेंटीना में भिड़ंत

फ्रांस मंगलवार को टेक्सास के अर्लिंगटन में स्पेन से भिड़ेगा और इंग्लैंड बुधवार को अटलांटा में अर्जेंटीना का सामना करेगा। ऐसा 1990 के बाद से पहली बार हुआ है कि विश्व कप के अंतिम चार में सभी टीमें पूर्व चैंपियन हों। अगर फ्रांस और अर्जेंटीना दोनों ही फाइनल में पहुंचते हैं, तो इस साल 2022 के फाइनल की पुनरावृत्ति भी हो सकती है।







### फ्रांस बनाम स्पेन

फ्रांस और स्पेन किसी बड़ी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में फिर से आमने-सामने होंगे। यह दोनों टीम दो साल पहले यूरोपीय चैंपियनशिप में एक दूसरे से भिड़ी थीं। स्पेन ने उस मैच में 2-1 से जीत हासिल की थी। उस मैच में यामल ने गोल किया था, जो तब 16 वर्ष के थे। स्पेन ने फाइनल में इंग्लैंड को हराकर यूरो कप का खिताब अपने नाम किया। फ्रांस को मौजूदा विश्व कप की सबसे प्रभावशाली टीम माना जा रहा है, जिसकी अग्रिम पंक्ति में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। सबकी निगाह हालांकि एमबाप्पे पर टिकी रहेगी, जिन्होंने अभी तक टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सर्वाधिक गोल किए हैं। स्पेन को टूर्नामेंट में आने से पहले यामल और साथी विंगर निको विलियम्स की चोटों से जूझना पड़ा। स्पेन को पिछले दो दौर में पुर्तगाल और बेल्जियम को हराने के लिए स्थानापन्न खिलाड़ी मिकेल मेरिनो के अंतिम क्षणों में किए गए गोल पर निर्भर रहना पड़ा। विश्व कप या यूरो कप में ये दोनों देश कई बार आमने-सामने आ चुके हैं।

### इंग्लैंड बनाम अर्जेंटीना

अर्जेंटीना और इंग्लैंड की प्रतिद्वंद्विता जगजाहिर है। इस प्रतिद्वंद्विता में फुटबॉल के मैदान से इतर 1982 में फ़ॉकलैंड द्वीप समूह पर हुए संघर्ष से जुड़ा तनाव भी शामिल हैं। विश्व कप में इन दोनों टीमों के बीच कई बार तनाव के क्षण आए हैं। विश्व कप 1966 में इंग्लैंड के खिलाफ तनावपूर्ण क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना के कप्तान एंटोनियो रैटिन को मैदान से बाहर भेज दिया गया था। विश्व कप 1986 में डिएगो माराडोना के कुख्यात 'हैंड ऑफ गॉड' गोल ने अर्जेंटीना को क्वार्टरफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाने में मदद की, जिसके चलते अर्जेंटीना ने ट्रॉफी जीती। मेस्सी पर सबकी नजर रहेगी, जो संभवतः अपना आखिरी विश्व कप खेल रहे हैं। यह विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ उनका पहला मैच होगा। अगर मेस्सी अर्जेंटीना को खिताब दिला देते हैं, तो वह अपने देश के लिए दो विश्व कप जीतकर महान माराडोना को पीछे छोड़ देंगे। इससे अर्जेंटीना 1958 और 1962 में ब्राजील के बाद लगातार दो बार चैंपियन बनने वाला पहला देश भी बन जाएगा।

**महिला टेस्ट क्रिकेट में भारत ने इंग्लैंड को 270 रन से हराया**

# हरमन स्क्वॉड ने लॉर्ड्स में रचा इतिहास इंग्लिश टीम को घर में दी करारी शिकस्त






**ऑफ स्पिनर स्नेह राणा के 4 विकेट की बदौलत भारत ने प्रतिष्ठित लॉर्ड्स मैदान पर खेले गए पहले महिला क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे और अंतिम दिन इंग्लैंड को 270 रन से हरा दिया।**

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत को एकमात्र टेस्ट के अंतिम दिन जीत के लिए 4 विकेट की दरकार थी और स्नेह (42 रन पर 4 विकेट) की अगुआई में मेहमान टीम ने इंग्लैंड को 62.5 ओवर में 186 रन पर समेटकर मुकाबला अपने नाम किया। सयाली सतघरे (24 रन पर 2 विकेट), दीप्ति शर्मा (36 रन पर 2 विकेट) और क्रांति गौड़ (54 रन पर 2 विकेट) ने भी दो-दो विकेट हासिल किए। विकेटकीपर बल्लेबाज ऐमी जोन्स 80 गेंद में 54 रन बनाकर इंग्लैंड की ओर से शीर्ष स्कोरर रही जबकि अंतिम बल्लेबाज के दौरान पर आउट होने वाली सोफी एकलेस्टोन ने 50 रन की पारी खेली।

### भारतीय गेंदबाज रहीं हावी

इंग्लैंड ने अंतिम दिन की शुरुआत 6 विकेट पर 130 रन से आगे खेलते हुए की और 90 मिनट से अधिक बल्लेबाजी की लेकिन आखिरकार भारतीय गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिए। भारत ने मेजबान टीम के सामने 457 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था। ऐमी अंतिम दिन आउट होने वाली पहली बल्लेबाज रहीं। उन्हें स्नेह ने मिडविकेट पर शेफाली वर्मा के हाथों कैच कराया। क्रांति की गेंद पर दो जीवनदान पाने वाली एकलेस्टोन ने इजी वोंग (33 गेंद में एक रन) के साथ मिलकर भारत के जीत के इंतजार को बढ़ाया लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सकीं। दीप्ति ने वोंग और लॉरेन बेल (00) को बोल्ड करके भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचाया।

### रेड बॉल क्रिकेट में महिलाओं का दबदबा

रेड-बॉल क्रिकेट में भारत का दबदबा कायम है। जीत का यह पल पिछले कुछ दिनों में भारत के शानदार प्रदर्शन को दर्शाता है। पिछले 11 टेस्ट मैचों में टीम ने सात जीत हासिल की हैं, तीन मैच ड्रॉ रहे हैं और सिर्फ एक में हार मिली है। इंग्लैंड में भारतीय महिला टीम का यह 11वां टेस्ट मैच था। वह इंग्लैंड में इस फॉर्मेट में अब भी अजेय है।

### यास्तिका और क्रांति का नाम ऑनर बोर्ड पर दर्ज

भारत के लिए इस मैच में यास्तिका भाटिया ने शतक लगाया और क्रांति गौड़ ने पांच विकेट लेकर अपना नाम ऑनर बोर्ड पर दर्ज करवाया। दोनों महिला क्रिकेट में यहां ऑनर बोर्ड पर नाम दर्ज करवाने वाली पहली महिला क्रिकेटर्स हैं। मैच में यास्तिका भाटिया दूसरी पारी में 113 रन बनाकर स्टार बनीं, स्मृति मंधाना 153 रन (83,70) बनाकर इस मैच की टॉप स्कोरर रहीं।

### तेंदुलकर और जय शाह रहे स्टेडियम में मौजूद



दिन का खेल शुरू होने से पहले भारतीय टीम को महान सचिन तेंदुलकर से प्रेरणादायक बातें सुनने को मिलीं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन जय शाह भी तेंदुलकर के साथ स्टैंड से मैच देख रहे थे और बाद में उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाया। यह इंग्लैंड की अनुभवी खिलाड़ियों टैमी ब्यूमोंट और पूर्व कप्तान हीथर नाइट का विदाई मैच भी था।

**क्रिकेट**

# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए गिल नामित



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल के साथ बांग्लादेशी ऑलराउंडर मोसादेक हुसैन और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ को जून महीने के 'आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। शुभमन गिल अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की घरेलू सीरीज के दौरान जबरदस्त फॉर्म में थे और उन्होंने टेस्ट और वनडे दोनों फॉर्मेट में टीम की अगुवाई की।

इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने महीने की शुरुआत न्यू चंडीगढ़ में खेले गए एकमात्र टेस्ट में भारत की पारी से जीत के दौरान शानदार 126 रन बनाकर की थी, जो उनके टेस्ट करियर की 11वीं सेंचुरी थी। गिल ने अपनी शानदार फॉर्म को वनडे सीरीज में भी जारी रखा, जहां उन्होंने सिर्फ दो पारियों में 238 रन बनाए। धर्मशाला में खेले गए पहले वनडे में नाबाद 84 रन बनाने के बाद, गिल ने लखनऊ में 154 रन जड़े थे।

### बांग्लादेश के मोसादेक हुसैन की शानदार वापसी

दूसरी तरफ, बांग्लादेश के मोसादेक हुसैन ने चार साल के अंतराल के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में शानदार वापसी की। इस ऑलराउंडर को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध बांग्लादेश की ऐतिहासिक 2-1 से वनडे सीरीज जीत में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया था। हुसैन ने पहले मैच में नाबाद 86 रन बनाने के साथ दो विकेट हासिल किए थे। वह सीरीज में 157 रनों के साथ अपनी टीम के टॉप स्कोरर रहे। वहीं, स्मिथ को इंग्लैंड में यादगार 2-1 से टेस्ट सीरीज जीत दिलाने के लिए न्यूजीलैंड के कमजोर पेस बॉलिंग अटैक की अगुवाई करने का इनाम मिला। स्मिथ ने सीरीज में सर्वाधिक 16 विकेट लिए। इस दौरान लॉर्ड्स में 70 रन देकर 6 विकेट चटकाए। वह 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुने गए थे।

## खबर संक्षेप

### 14 अगस्त से यूपीटी20 रैना ब्रांड एंबेसडर



**कानपुर।** कानपुर और लखनऊ में होने वाले यूपी टी20 लीग का चौथा सत्र 14 अगस्त से शुरू होगा, जिसमें कुल 34 मैच खेले जाएंगे। आयोजकों ने घोषणा की कि 24 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 13 दिन दो-दो मैच खेले जाएंगे। लीग में छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इसके लिए मिनी नीलामी 24 जुलाई को आगरा में की जाएगी। टूर्नामेंट का पहला चरण लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद के मैच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जाएंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना यूपीटी20 लीग के ब्रांड एंबेसडर बने रहेंगे।

### एवियन चैंपियनशिप : संयुक्त 56वें स्थान पर अदिति



**एवियन ले बेंस।** गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में तीन ओवर 74 के लचर प्रदर्शन के साथ 2026 आमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 56वें स्थान पर रहीं। दक्षिण कोरिया की हेइ रेन रयु ने पहले प्ले ऑफ में बर्डी पट के साथ लगातार दूसरा मेजर खिताब अपने नाम किया। शुरुआती तीन दौर में 70, 70 और 69 के स्कोर के साथ अदिति के पास अच्छा नतीजा हासिल करने का मौका था लेकिन वह अंतिम होल में पांच बोगी और दो बर्डी से तीन ओवर का स्कोर ही बना पाईं।

# आज से जापान ओपन, सात्विक-चिराग पर नजरें

एजेंसी ▶▶| टोकियो

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी चोट से उबरने के बाद मंगलवार 14 जुलाई से शुरू होने वाले जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की अगुवाई करेगी। पिछले महीने सात्विक की कंधे की चोट के बढ़ जाने के बाद यह तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी इंडोनेशिया ओपन से हट गई थी। सात्विक और चिराग अब सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने के बाद वहीं से शुरुआत करने के लिए तैयार होंगे। पहले दौर में उनका मुकाबला डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड से होगा।




### भारत का दारोमदार लक्ष्य, सिंधू-आयुष पर

एकल में भारत का दारोमदार एक बार फिर लक्ष्य सेन, पीवी सिंधू और आयुष शेट्टी पर टिका होगा। इस साल की शुरुआत में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य जापान के कोकी वातानाबे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। आयुष को अपने पहले मुकाबले में थाईलैंड के दूसरी वरीयता प्राप्त और पूर्व विश्व चैंपियन कुनलावत विटिडसर्न के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

### सिंधू, मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से भिड़ेंगी

सिंधू महिला एकल में मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से भिड़ेंगी, जबकि उन्नति हुडा अपने पहले मैच में चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन का सामना करेंगी। हरिहरन आमसकारुनन और एम आर अर्जुन पुरुष युगल के पहले दौर में चीनी ताइपे के ली झे-हुई और यांग पो-ह्सुआन का सामना करेंगे। ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो तथा रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ियां भी इस टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगी।

# अंडर-19 और अंडर-23 बॉक्सिंग प्रतियोगिता : आठ महिला मुक्केबाज फाइनल में, इनमें तीन हरियाणा की

### इंडोनेशिया में भारतीय मुक्कों का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंडोनेशिया में आयोजित की जा रही अंडर-19 और अंडर-23 बॉक्सिंग प्रतियोगिता के फाइनल में भारत की महिला मुक्केबाजों ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए प्रवेश कर लिया है। सेमीफाइनल मुकाबलों में भारतीय मुक्केबाजों का पूरी तरह से दबदबा देखने को मिला, जिसमें देश की आठ महिला बॉक्सर्स ने अपने-अपने भार वर्ग में विरोधी खिलाड़ियों को एकतरफा मात दी। इस शानदार सफलता में हरियाणा की तीन बेटियों ने रिंग में अपना जबरदस्त दमखम दिखाया। मुकाबलों के विवरण के अनुसार, 51 किलोग्राम भार वर्ग में भारत की चंद्रिका भोरेशी पुजारी ने जापान की रीको मात्सुशिता को 5-0 के अंतर से करारी शिकस्त दी। वहीं, 54 किलोग्राम वर्ग में जयश्री देवी चिरोम ने भी जापानी मुक्केबाज रुना इतो को 5-0 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। 57 किलोग्राम भार वर्ग में प्राची ने किर्गिस्तान की नूरपेरी माकेशोवा पर 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। हरियाणा की होनहार मुक्केबाज चाहत ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में ताइपे की पेउ-चुन त्साई को 5-0 से मात देकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। इसके अलावा, 75 किलोग्राम वर्ग में हरियाणा की ही अंशिका ने ताइपे की आन-ची त्सेंग के खिलाफ बेहद आक्रामक शुरुआत की और पहले ही राउंड में रेफरी स्टॉप्स कॉन्टेस्ट (आएससी) के जरिए मुकाबला अपने नाम कर लिया। 80 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा की मेघा श्योकंद के पंचों के आगे वियतनाम की थी माई अन्ह डाम टिक नहीं सकीं और मुकाबला बीच में ही छोड़ दिया, जिससे मेघा सीधे फाइनल में पहुंच गईं। वहीं, 81+ किलोग्राम से अधिक के हैवीवेट वर्ग में प्राची टोकस ने ताइपे की शू-श्यान वांग को पहले ही राउंड में बाहर का रास्ता दिखाया।



### देश-प्रदेश के लिए गौरवशाली क्षण : मेजर सत्यपाल सिंधु



हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि यह देश और प्रदेश के लिए अत्यंत गौरवशाली क्षण है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे खिलाड़ियों ने जिस तकनीक और आक्रामकता के साथ रिंग में प्रदर्शन किया है, वह उनकी कड़ी मेहनत और कोचों की सटीक रणनीति को दर्शाता है। उन्होंने विशेष रूप से हरियाणा की तीनों मुक्केबाजों की तारीफ करते हुए कहा कि अंशिका का पहले ही राउंड में विपक्षी को नॉकआउट जैसी स्थिति में लाना और मेघा के दबाव में विरोधी खिलाड़ी का रिंग छोड़ देना यह साबित करता है कि हमारी बॉक्सिंग का स्तर वैश्विक पटल पर कितना ऊंचा हो चुका है।

**दोनों दिग्गज 50 ओवर के फॉर्मेट में टीम की सबसे बड़ी ताकत, जसप्रीत बुमराह की भी टीम में वापसी**

# मायूसी के बाद वनडे में रोहित-कोहली पर टिकी करोड़ों उम्मीदें

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

*दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा को इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार 14 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में न केवल खुद के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा, बल्कि टी20 में लगातार हार से आहत भारतीय टीम के मनोबल को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। कोहली, रोहित और जसप्रीत बुमराह उस प्रारुप में खेलने के लिए वापसी कर रहे हैं जिसमें द्विपक्षीय मैचों का महत्व और चमक टी20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के चलते खोती जा रही है।लेकिन 39 वर्षीय रोहित और जल्द ही 38 वर्ष के होने वाले कोहली में अब भी जोश और जुनून बरकरार है। वह अब भी वनडे की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल है और उनका लक्ष्य अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप तक टीम में बने रहना है।*




### भारत के पास अनुभवी बल्लेबाजों की चौकड़ी

कप्तान शुभमन गिल की वापसी और अनुभवी केएल राहुल की मौजूदगी से भारत के पास अनुभवी बल्लेबाजों की एक शानदार चौकड़ी है, जो किसी भी मैच का रुख पलट सकती है। अगर श्रेयस अय्यर को भी इसमें शामिल कर लिया जाए, तो बल्लेबाजी इकाई को लेकर ज्यादा चिंता की कोई बात नहीं होनी चाहिए।

### बुमराह की वापसी से मिलेगी मजबूती

गेंदबाजी इकाई के लिए ऐसा कहा जा सकता है, जिसे बुमराह की वापसी से मजबूती मिलेगी। भारत के नए तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को इंग्लैंड की पिचों पर अपनी लेंथ को लेकर बिल्कुल अलग चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अर्शदीप सिंह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के रूप में निश्चित रूप से टीम को एक नया आयाम देंगे, जबकि शिवम दुबे चौथे तेज गेंदबाज होंगे।

### टीमें इस प्रकार

**भारतः** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़, प्रिंस यादव।

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रूक (कप्तान), बेन डकेट, जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जो रूट, जैकब बेथेल, विल जैक्स, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जेम्स कोल्स, सैम कुरेन, गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर, जोस टंग, साकिब महमूद, आदिल राशिद।

**मैच शुरू होने का समयः दोपहर 3:30 बजे**




ग्लोबल साउथ की मजबूत आवाज बनेगा भारत

# जयशंकर न्यूयॉर्क में शुरू करेंगे अभियानः यूएनएससी की अस्थाई सदस्यता के लिए भारत करेगा दावेदारी, पहले भी उठ चुकी है मांग

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में साल 2028-29 के कार्यकाल के लिए अपनी गैर-स्थाई (अस्थाई) सदस्यता की दावेदारी का औपचारिक अभियान शुरू करने जा रहा है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में इस विशेष अभियान हैशटैग इंडिया 4 यूएनएससी 2028-29: पीस,प्लानेट, प्रोग्रेसेस यानी शांति, ग्रह और प्रगति की आधिकारिक शुरुआत करेंगे। अपने इस दौरे के दौरान विदेश मंत्री संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से भी मुलाकात करेंगे, जिसमें वैश्विक सुरक्षा और सुधारों पर चर्चा होने की उम्मीद है। भारत यह अभियान एक ऐसे नाजुक समय पर शुरू कर रहा है, जब पूरी दुनिया रूस-यूक्रेन युद्ध, गाजा संघर्ष और पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है। ऐसे संकट के समय में नई दिल्ली का मुख्य प्रयास खुद को एक बेहद जिम्मेदार वैश्विक शक्ति और विकासशील देशों यानी ग्लोबल साउथ की एक अटूट व मजबूत आवाज के रूप में स्थापित करना है। भारत का लक्ष्य है कि वह विकासशील देशों के हितों को वैश्विक मंच पर प्रमुखता से उठाए।

भारत 8 बार सुरक्षा परिषद का निर्वाचित सदस्य रह चुका है

अब 9वीं बार सुरक्षा परिषद का गैर-स्थायी सदस्य बनकर इतिहास रचेगा

### ताजिकिस्तान से होगा सीधा मुकाबला



संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में साल 2027 में होने वाले चुनावों में भारत का सीधा मुकाबला एशिया-प्रशांत समूह की एक सीट के लिए ताजिकिस्तान से होगा। कूटनीतिक दृष्टिकोण से यह चुनाव बेहद दिलचस्प होने वाला है। यदि भारत इस चुनाव में जीत हासिल कर लेता है, तो वह 2028-29 के कार्यकाल के लिए नौवीं बार सुरक्षा परिषद का गैर-स्थायी सदस्य बनकर इतिहास रचेगा।

### पहले भी मिल चुका है जनसमर्थन

भारत इससे पहले आठ बार-1950-51, 1967-68, 1972-73, 1977-78, 1984-85, 1991-92, 2011-12 और 2021-22 में सुरक्षा परिषद का निर्वाचित सदस्य रह चुका है। विशेष रूप से साल 2010 में हुए चुनावों में भारत को रिकॉर्ड 192 में से 187 वोट मिले थे, जो हाल के वर्षों में किसी भी देश को मिला सबसे मजबूत वैश्विक समर्थन माना जाता है।

### यूएनएससी में व्यापक सुधार की मांग को मिलेगी नई धार

हालांकि, भारत की यह कूटनीतिक कवायद केवल 2 साल के लिए अस्थायी सदस्य बनने तक ही सीमित नहीं है। नई दिल्ली इस अभियान के जरिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यापक और ऐतिहासिक सुधारों की अपनी पुरानी मांग को फिर से धार देगी।

### भारत का ये है तर्क

- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद साल 1945 में गठित की गई 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद आज की आधुनिक वैश्विक हकीकत का प्रतिनिधित्व नहीं करती है।
- परिषद की स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार किया जाना अब समय की मांग बन चुका है।
- जब तक इसमें बदलाव नहीं होता, तब तक विकासशील देशों को वैश्विक निर्णय लेने की प्रक्रिया में उचित और न्यायसंगत प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाएगा।

### प्रधानमंत्री मोदी भी उठा चुके हैं आवाज



हाल ही में इंडोनेशिया की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की तात्कालिक आवश्यकता को रेखांकित किया था। उन्होंने दोतरफा रुख साफ करते हुए कहा था कि दुनिया तेजी से बदल रही है और विकासशील देशों को वैश्विक निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी मिलनी ही चाहिए। स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी थी कि यूएनएससी में सुधारों को अब और ज्यादा टाला नहीं जा सकता।

होर्मुज में तनाव के बीच रूस ने ईरान भेजा अत्याधुनिक विमान, अमेरिका के होश उड़े

# ईरान युद्ध में अब रूस की एंट्री ? पुतिन ने भेजा 'प्रलयकारी' टीयू-214पीयू विमान

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान युद्ध में अब रूस की एंट्री देखने को मिल रही है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने अपने सबसे सुरक्षित हवाई कमांड विमानों में से एक को तेहरान भेजा है। इस बात का खुलासा उड़ान ट्रैकिंग डेटा से हुआ है। रूस ने जिस हवाई कमांड विमान टीयू-214पीयू को तेहरान भेजा है, उसे प्रलयकारी विमान भी कहा जाता है। टीयू-214पीयू , टुपोलेव टीयू-214 यात्री विमान का एक विशेष संस्करण है। इस विमान का इस्तेमाल क्रेमलिन यानी रूसी राष्ट्रपति कार्यालय के लिए एक 'उड़ते हुए कमांड पोस्ट' के रूप में किया जाता है। दरअसल, रूस द्वारा ईरान में इस विमान की तैनाती ऐसे समय में की गई है, जब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर ईरानी सैन्य ठिकानों पर अमेरिका ने हमले तेज कर दिए हैं और तेहरान ने भी इसका करारा जवाब देने की कसम खाई है।

विमान का इस्तेमाल रूसी राष्ट्रपति कार्यालय के लिए उड़ते हुए कमांड पोस्ट जैसा है

मजबूत संचार और सुरक्षित कमान-नियंत्रण प्रणालियों से लैस इस विमान में कई खूबियां

### खासियतें: 850 किमी प्रति घंटे की गति



एआई इमेज

टीयू-214पीयू कोई सामान्य सरकारी विमान नहीं है। इसे विशेष रूप से एक हवाई कमान चौकी के रूप में डिजाइन किया गया है, यह विमान बेहद मजबूत संचार और सुरक्षित कमान-नियंत्रण प्रणालियों से लैस है। अपनी इन्हीं खतरनाक और अचूक खूबियों के कारण इसे अक्सर रूस का प्रलयकारी विमान कहा जाता है। टीयू-214पीयू रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के लिए उड़ता हुआ मोबाइल कमांड पोस्ट है। इसमें अत्याधुनिक सुरक्षित संचार प्रणाली, एनक्रिप्टेड लिंक्स, सैटेलाइट कम्युनिकेशन और परमाणु हमले या बड़े युद्ध में भी काम करने वाली रिडंडेंट सिस्टम लगे हैं। विमान को किसी भी मौसम, इलेक्ट्रॉनिक जामिंग और भारी खतरे को भांपता है।

# बैंकॉक के पब में आग: 27 की मौत, 60 घायल



**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के ना लादप्राओ पब में सोमवार तड़के भीषण आग लग गई। हादसे के वक्त लोग म्यूजिक पर झूम रहे थे, तभी स्टेज के पास सर्किट ब्रेकर से धुआं निकला और धमाके के साथ पूरी जगह आग व घने धुएं की चपेट में आ गई। इस दर्दनाक हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई, जबकि 63 घायल हैं, जिनमें 22 की हालत गंभीर है। कई पीड़ितों के शव पिछले हिस्से के रेस्ट रूम से मिले। घटना के खौफनाक वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें लोग जान बचाने के लिए भागते दिख रहे हैं। पीएम अनुतिन चर्नविराकुल ने मौके पर पहुंचकर जांच के आदेश दिए हैं।

वैज्ञानिक शोध में हुआ बड़ा खुलासा

# हिमाचल आपदा 2023: चार मौसम प्रणालियों के दुर्लभ मेल से मची तबाही

एजेंसी ▶▶ शिमला

जुलाई 2023 में हिमाचल प्रदेश में आई भयावह बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं के लिए केवल पारंपरिक मानसून जिम्मेदार नहीं था। अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक शोध पत्रिका 'मीटरोलॉजी एंड अटमॉस्फेरिक फिजिक्स' में छपे एक हालिया शोधपत्र में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।

भारतीय मौसम विभाग के वैज्ञानिक कृष्ण मिश्रा व शशिकांत, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के डॉ. विवेक कुमार और ब्रिटेन के रीडिंग विश्वविद्यालय के डॉ. कियरन एमआर हंट द्वारा किए गए इस संयुक्त अध्ययन के अनुसार, इस आपदा के पीछे चार प्रमुख मौसम प्रणालियों का एक दुर्लभ और असामान्य मेल था। आमतौर पर भारतीय मानसून के दौरान बंगाल की खाड़ी नमी का मुख्य स्रोत होती है, लेकिन 9 जुलाई 2023 के बाद वहां से नमी का प्रवाह लगभग थम गया था।



2023 में इस तरह मची थी तबाही

भारत ने जताई चिंता

# बांग्लादेश में राम मूर्ति का निर्माण शुरू करने वाले हरिदास गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बांग्लादेश में पुलिस ने 81 फुट ऊंची भगवान राम की प्रतिमा का निर्माण शुरू करने वाले हिंदू युवक हरिदास तरोनी को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। बांग्लादेश हिंदू-बौद्ध-ईसाई एकता परिषद के महासचिव मणींद्र कुमार नाथ ने पुष्टि की कि आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने हरिदास को ढाका के उत्तरा इलाके से गिरफ्तार किया है। परिषद ने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पुलिस को युवाओं के बजाय चरमपंथियों को गिरफ्तार करना चाहिए।

## भारत व जापान के बीच 8वीं भारत-जापान रक्षा नीति पर हुई वार्ता

साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष (स्पेस) और नई तकनीकों में मिलकर काम करने पर सहमति बनी

# टोक्यो में भारत-जापान रक्षा वार्ता: हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए मिलाए हाथ

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

भारत व जापान के बीच टोक्यो में 8वीं भारत-जापान रक्षा नीति वार्ता आयोजित की गई है। इस महत्वपूर्ण वार्ता का उद्देश्य दोनों देशों के रक्षा क्षेत्र में बढ़ते संयुक्त सहयोग को और मजबूत बनाना है। सोमवार को हुई यह वार्ता भारत व जापान के रक्षा संबंधों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इस दौरान भारत और जापान ने एक बार फिर स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों देशों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के सम्मान पर आधारित व्यवस्था ही क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित कर सकती है। बैठक में रक्षा औद्योगिक सहयोग, तकनीकी नवाचार, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष तथा अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी विचार किया गया। दोनों देशों ने क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर बढ़ते सामंजस्य पर संतोष व्यक्त किया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में निकट सहयोग जारी रखने पर सहमति जताई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और जापान के अंतरराष्ट्रीय मामलों के उप रक्षा मंत्री कानो कोजी ने की। बैठक में दोनों पक्षों ने पिछली रक्षा नीति वार्ता के बाद द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में हुई उल्लेखनीय प्रगति की समीक्षा की और भारत-जापान विशेष सामरिक एवं वैश्विक साझेदारी को और सुदृढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

दोनों देशों की सेनाओं के बीच आपसी तालमेल बढ़ाने पर जोर

रक्षा उपकरणों के निर्माण और तकनीक को एक-दूसरे के साथ

### वैश्विक साझेदारी के ढांचे कर रहे मजबूत



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने भारत के साथ रक्षा क्षेत्र में जापान की निरंतर भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि विशेष सामरिक एवं वैश्विक साझेदारी के ढांचे के अंतर्गत व्यावहारिक सहयोग को और मजबूत बनाना आवश्यक है। वहीं कानो कोजी ने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में भारत के साथ रक्षा संबंधों का और विस्तार करने की जापान की प्रतिबद्धता दोहराई। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने टोक्यो में जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी से भी मुलाकात की। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित कीं और जापानी रक्षा मंत्री को जल्द भारत आने का निमंत्रण भी सौंपा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28